हरिभूमि
रायपुर भूमि



# कचना ओवरब्रिज की मिली सौगात, जाम से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में शुक्रवार को कचना ओवरब्रिज की बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रात पौने 9 बजे फीता काटकर इसका लोकार्पण किया। इसी के साथ अब ब्रिज पर आवागमन प्रारंभ हो गया है। इस ब्रिज के प्रारंभ होने से लोगों को जाम में फंसने से राहत मिलेगी। कचना रेलवे फाटक के बार-बार बंद होने से यहां रोज हजारों लोग जाम में फंसते हैं। अब तो एक ▶▶|शेष पेज 15 पर



## अगले माह से प्रारंभ करेंगे मुख्यमंत्री हेल्प लाइन : सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, कचना क्षेत्र वासियों के लिए आज बड़ा दिन है। इस ब्रिज के प्रारंभ होने से जनता की परेशानी समाप्त होगी। इसकी लंबे समय से मांग थी। इस ब्रिज के प्रारंभ होने से जाम नहीं ▶▶|शेष पेज 15 पर

## कचना ब्रिज रायपुर को जोड़ने वाली जीवन रेखा : साव

अरुण साव ने कहा, कचना क्षेत्र में 20 से 25 कालोनियां हैं। आज इसकी जीवनरेखा का प्रारंभ हो रहा है।अब रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी। रायपुर को राजधानी भाजपा ने बनाया है। इसके स्वरूप को भी बनाने का काम भाजपा ने किया है। कचना का ब्रिज सिर्फ ब्रिज नहीं है यह रायपुर और कचना को मिलाने वाली जीवन रेखा है। यहां से रोज दो लाख लोगों का आना-जाना होता है। रायपुर की यातायात व्यवस्था को मजबूत करने की योजना भी हमारी सरकार बना रही है। रिकार्ड समय में इस ब्रिज को बनाने के लिए भी अधिकारियों को बधाई। इसके प्रारंभ होने पर आज दीपावली की तरह आतिशबाजी भी की गई है।

## नया अंडरब्रिज भी बनेगा

ओवरब्रिज के बाद अब कचना से सेंट जेनिवयर स्कूल तक एक अंडरब्रिज भी बनाने का काम प्रारंभ हो गया है। इसका टेंडर रेलवे ने किया है। इसके पूरा होने पर लोगों को डबल राहत मिलेगी। एक तरफ ओवरब्रिज से आवागमन आसान होता तो दूसरी तरफ अंडरब्रिज से भी लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### चेन स्नैचिंग के आरोपी पकड़ने में मदद, दो सम्मानित

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व चेन स्नैचिंग कर भाग रहे बदमाश को पकड़ने में सहयोग करने वाले दो नागरिकों को पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने शुक्रवार को सम्मानित किया। पुलिस कमिश्नर ने आरोपी को पकड़ने में मदद करने वाले पेंशनबाड़ा निवासी हिमांशु सोनी, कांशीराम नगर निवासी शोभरन सिंह ठाकुर को सम्मानित किया है।

### हत्या के आरोप में नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते विशाल बाघ उर्फ बिट्टू की हत्या के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बिट्टू की हत्या के आरोप में पुलिस ने अरविंद बाघ उर्फ आशी तथा कुणाल दीप के अलावा उनके एक नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने बुधवार को बिट्टू की डब्लूआरएस अण्डरब्रिज के ऊपर हत्या करने के बाद लाश वॉल्टेयर रेलवे लाइन के पास फेंककर फरार हो गए थे। हत्यारों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

### गांजा तस्करी करते धरे गए राजस्थान के तस्कर

**रायपुर।** सूखे नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत टिकरापारा थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर राजस्थान के दो गांजा तस्कर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से आठ किलो गांजा जब्त किया है। गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने दिलशेर खान एवं कासिम अली को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्करों को पुलिस ने भाठागांव इंटरस्टेट बस टर्मिनल के पास से पकड़ा, जहां दोनों आरोपी बस के इंतजार में गांजा लेकर खड़े थे।

### गाड़ी का टायर निकालते पिकअप ने ठोका, मौत

**रायपुर।** राखी थाना क्षेत्र में खड़ी कार से टायर निकालने के दौरान एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन की ठोकर लगने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक पिकअप के ठोकर लगने से नवापारा निवासी तोषण कुमार की मौत हुई है। तोषण एक्सप्रेस-वे रोड, इंडियन पेट्रोल पंप के पास कार का टायर बदल रहा था, इस दौरान तेज रफ्तार पिकअप सीजी-04 पीआर-3438 का चालक अंधेरा होने की वजह से तोषण को नहीं देख पाया।

# डीजल-पेट्रोल संकट में चला 'खेल', आम लोगों का ईंधन उद्योगों को दिया, जरीकेन-ड्रम में सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर जिले में पिछले सप्ताह पेट्रोल-डीजल की किल्लत के कारण लोगों को जहां पेट्रोल-डीजल लेने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, वहीं दूसरी ओर कुछ पेट्रोल पंप इसका फायदा उठाकर अधिक मुनाफा कमाने के लिए पेट्रोल-डीजल की जमकर कालाबाजारी करने से भी चूके नहीं। आम वाहन चालकों को पेट्रोल-डीजल न देकर फैक्ट्री, औद्योगिक सहित अन्य संस्था के लोगों को जेरिकेन (ड्रम) भर-भरकर पेट्रोल-डीजल पंप संचालकों ने बेचा है, जो नियमों के विरुद्ध है। ऐसे ▶▶|शेष पेज 15 पर

**केस 1**

तेलीबांधा स्थित एमएस मिनोचा पेट्रोल एंड कंपनी का सोशल मीडिया में वायरल हुए विडियो में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि पंप में कार्यरत कर्मचारी अलग-अलग ▶▶|शेष पेज 15 पर

**केस 2**

दूसरा विडियो अभनपुर क्षेत्र के ग्राम निमोरा स्थित सांई शुभ फ्यूल्स पंप का सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। यहां भी पंप में कतार में खड़े लोगों को ▶▶|शेष पेज 15 पर

**केस 3**

तीसरा विडियो कलर्स माल के पास स्थित जिओ पेट्रोल पंप का सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। इस पंप में भी कतार में खड़े कई वाहन चालकों को पेट्रोल-डीजल नहीं ▶▶|शेष पेज 15 पर

### वीडियो वायरल होने के बाद दो को नोटिस, एक की चल रही जांच



### 29 मई को कोर्ट में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश

इस मामले में मिनोचा एवं सांई शुभ फ्यूल्स पेट्रोल पंप के संचालकों को नोटिस जारी कर 29 मई को अपर कलेक्टर के कोर्ट में हाजिर होकर लिखित में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। पेश नहीं होने या जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर दोनों पेट्रोल पंप के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### पेट्रोल-डीजल की ड्रम-जेरीकेन, बोतल में बिक्री पर रोक

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश में कुछ पेट्रोल पंपों में नियमों के विरुद्ध मुनाफाखोरी के चक्कर में ड्रम एवं जेरीकेन में पेट्रोल-डीजल की बिक्री की जा रही है। इसका सोशल मीडिया में विडियो भी वायरल हुआ है। शासन ने इसे गंभीरता से लिया है तथा प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की बिक्री ड्रम, जेरीकेन एवं बोतल में करने ▶▶|शेष पेज 15 पर

### जवाब प्रस्तुत करने कहा है

दो पेट्रोल पंप के संचालकों को नोटिस जारी कर 29 मई को कोर्ट में जवाब प्रस्तुत करने कहा है। जिओ पेट्रोल पंप मामले में जांच की जा रही है।

**- कीर्तिमान सिंह राठौर**
अपर कलेक्टर रायपुर

# दूसरे दिन भी जारी रहा प्रकोप दिख नहीं रहे पांच दिन तक गर्मी से राहत के आसार

| शहरों का तापमान | |
|---|---|
| रायपुर | 44.2 |
| माना | 44.4 |
| बिलासपुर | 44.0 |
| पेंड्रा | 41.2 |
| अंबिकापुर | 41.3 |
| जगदलपुर | 42.4 |
| दुर्ग | 44.8 |



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ मई के चरम स्थिति पर गर्मी, तीन दिन और बढ़ सकता है तापमान

मई की गर्मी ने अपना असर दिखाया है। लगातार दूसरे दिन समूचा छत्तीसगढ़ तेज गर्मी की चपेट में रहा और अगले पांच दिन इससे राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। बस्तर में 26 मई से बारिश की गतिविधि शुरू होगी, मगर मध्य में इसका प्रभाव 29 मई से नजर आने की संभावना है, तब तक प्रदेश भारी गर्मी से झुलसने की आशंका है। अगले तीन ▶▶|शेष पेज 15 पर

### ऐसा है सिस्टम

- मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार अभी एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण अंदरूनी उड़ीसा और उसके आसपास मौजूद है।
- एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश से अंदरुनी ओडिशा होते हुए छत्तीसगढ़ तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास बना हुआ है। कल दिनांक 23 मई को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है।

### राजधानी में चल रही लू

राजधानी में दोपहर होने के बाद लू का प्रकोप नजर आ रहा है। तेज धूप की वजह आवाजाही करने वालों की संख्या में कमी हो जा रही है और शाम होने के बाद ही भीड़ सड़कों पर दिख रही है। यहां गर्मी इतनी तेज है कि एसी का उपयोग बढ़ गया है और पंखा काफी समय पहले ही साथ छोड़ चुका है। यहां दिन के साथ रात का तापमान भी तीस डिग्री तक पहुंच चुका है जो परेशानी का कारण बना हुआ है।

# कंट्रोल सेंटर से फायर अलार्म बजने पर अब स्टेशन मास्टर खोल सकेंगे दरवाजा

## स्टेशन के हर रिले रूम में अब आधुनिक अग्निशमन यंत्र का होना अनिवार्य

*रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक सिग्नल रामेश्वर मीना ने जारी किया आदेश, जोन में तत्काल प्रभाव से होगा लागू*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आग की घटना के कारण ट्रेनों के सिग्नल सिस्टम में कोई खराबी न आए और ट्रेनें विलंबित न हों, इसके लिए रेलवे नियम में बदलाव किया है। अब देश के किसी भी रेलवे स्टेशन पर आग लगने या आपातकालीन स्थिति में रिले रूम (वह कमरा जहां से ट्रेनों के सिग्नल कंट्रोल होते हैं) को स्टेशन मास्टर खोल सकेंगे। उनके पास सीलबंद डिब्बे में एक अतिरिक्त चाबी हमेशा रहेगी। जैसे ही रिले रूम में धुआं दिखे या फायर अलार्म बजेगा, स्टेशन मास्टर सील तोड़कर दरवाजा खोल सकेंगे, ताकि आग पर काबू पाया जा सके। यह फैसला मथुरा के पास रेलवे स्टेशन के रिले रूम में लगी आग के दौरान चाबी मिलने में हुई 10 मिनट की देर से सिग्नल सिस्टम जल जाने और घंटों ट्रेनें ठप रहने से सबक लेते हुए लिया गया है।



### पहले एसएंडटी स्टाफ की मौजूदगी में खोला जाता था

किसी भी रेलवे स्टेशन का रिले रूम उस स्टेशन का कंट्रोल सेंटर होता है। यहीं से तय होता है कि कौन सी ट्रेन किस प्लेटफार्म पर आएगी और किसे लाल या हरा सिग्नल मिलेगा। सुरक्षा कारणों से यह कमरा हमेशा डबल लाक में बंद रहता है। पहले नियम यह था कि तकनीकी टीम (एस एंड टी स्टाफ) की मौजूदगी के बिना इसे नहीं खोला जा सकता था।

### रजिस्टर में दर्ज करेंगे स्टेशन मास्टर

अब आपातकालीन स्थिति में स्टेशन मास्टर चाबी का उपयोग करने के तुरंत बाद इसकी जानकारी रिले रूम रजिस्टर में दर्ज करेंगे और काम पूरा होने के बाद तकनीकी स्टाफ द्वारा इसे फिर से सील किया जाएगा। स्टेशन के हर रिले रूम में अब आधुनिक अग्निशमन यंत्र का होना अनिवार्य कर दिया गया है। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक सिग्नल रामेश्वर मीना ने इसके लिए आदेश जारी किया है। जिसे सभी जोन में तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### पत्नी, बेटे की मौत से दुखी सराफा कारोबारी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में सराफा कारोबारी ने गुरुवार देर शाम अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के समय मृतक का पिता दुकान में था। घर में कारोबारी अपने पिता के साथ रहता था। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद लाश पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द कर दी है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। खुदकुशी करने वाले कारोबारी का नाम प्रवाल सोनी है, वह अपने पिता के साथ बूढ़ापारा स्थित गोलछा गली में रहता था। प्रवाल अपने पिता के साथ श्री ज्वेलर्स के नाम से सोने-चांदी की दुकान संचालित करता था। कारोबारी की पत्नी और बेटे की मौत करीब एक साल पहले हो चुकी है। पुलिस को प्रवाल सोनी की खुदकुशी करने की सूचना घटना दिनांक को रात साढ़े दस बजे के करीब उनके परिजनों के माध्यम से मिली। ▶▶|शेष पेज 15 पर







# गारमेंट फैक्ट्री में मचा हाहाकार

Summer SALE

Only for 24-Hrs

**बाहर सप्लाई न होने के कारण अब लाखों करोड़ों डिजाइनों का माल बेचा जा रहा है सेल के माध्यम से वह भी मात्र 99/- से 699/- में**

सूरत फैक्ट्री में ओवरस्टॉक होने के कारण साड़ियां पानी के मोल बेची जा रही है

3000/- से 4000/- वाली मात्र 199/- से 299/- में



3000/- से 5000/- तक कीमत वाले बॉयज के ब्रांडेड गारमेंट्स 99/- से 499/-



होटल बेबीलोन-इन, जेल रोड में रायपुरियंस के लिए लगने वाला है स्पेशल

## 99 का स्पेशल धमाका

- गर्ल्स के सारे आइटम मिलने वाले हैं आपको → ONLY 99 में
- लेडीस जींस, लेडीज कैपरी, L से 5XL साइज में कुर्ती → ONLY 99 में
- मुंबई के फैंसी टॉप, ओरिजिनल कोरियन आइटम → ONLY 99 में
- कांजीवरम, सिल्क कॉटन, भागलपुरी, ओरिजिनल साड़ियां → ONLY 199 & 299 में

500 से 1500 रु तक में वाली मिलने वाले

## ओरिजिनल कोरियन टॉयज

(शॉफ्ट टॉयज़)



मात्र 99/- व 199/- में



## बिक्री सिर्फ 2 दिन के लिए : 23 व 24 मई (24 घंटे के लिए)

नोट :-
1. रायपुर की जनता को सूचित किया जाता है हमारा मकसद सेल लगाकर, माल बेचना नहीं है ।
2. कम्पनी पर बैंक का अत्यंत दबाव होने के कारण, कम्पनी को अर्जेंट फण्ड की आवश्यकता होने के कारण कम्पनी अपने वेअरहाउस में रखें प्रीमियम स्टॉक को अब सेल द्वारा सस्ती बिक्री करने पर मजबूर है ।
3. जो माल खत्म हो जायेगा उसका काउंटर बंद कर दिया जायेगा ।

VENUE: Hotel Babylon Inn

जेल रोड, फाफाडीह चौक के पास, स्टेशन रोड, रायपुर (छ.ग.)

Time : 10:00 AM - 10:00 PM

sumit

# मुरा की पत्थर खदानों एवं क्रेशर इकाइयों को पर्यावरण संरक्षण मंडल ने दिए बंद करने के निर्देश

## अनियंत्रित ब्लास्टिंग और पर्यावरण प्रदूषण पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलयारी

ग्राम मुरा स्थित पत्थर खदानों एवं क्रेशर इकाइयों में कथित अवैध उत्खनन, अनियंत्रित ब्लास्टिंग और पर्यावरण प्रदूषण की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने सख्त रुख अपनाया है। मंडल द्वारा अपर कलेक्टर रायपुर को पत्र प्रेषित कर मामले में कठोर कानूनी कार्रवाई और उच्चस्तरीय जांच की अनुशंसा की गई है। इसी क्रम में मेसर्स श्री जगदीश पटेल (लाइम स्टोन माइनिंग), खसरा क्रमांक 629, ग्राम मुरा, तहसील तिल्दा, जिला रायपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इकाई द्वारा जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण संबंधी आवश्यक वैधानिक सम्मतियां प्राप्त किए बिना संचालन किया जा रहा था। इस अनियमितता को गंभीर मानते हुए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने जल 21 मई जारी कर पत्थर उत्खनन कार्य तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए हैं।



### तकनीकी जांच दल गठित करने की अनुशंसा

मामले की गंभीरता को देखते हुए पर्यावरण मंडल ने प्रशासन से उच्चस्तरीय एसआईटी अथवा विशेष तकनीकी जांच दल गठित कर विस्तृत जांच कराने की मांग की है। साथ ही संबंधित खदानों एवं क्रेशर इकाइयों का भौतिक सत्यापन कर नियम विरुद्ध संचालन पाए जाने पर उन्हें तत्काल सील करने की अनुशंसा भी की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जांच पूरी होने तक विवादित खदानों और क्रेशर इकाइयों के संचालन पर रोक लगाई जाए, ताकि किसी संभावित दुर्घटना अथवा जनहानि की स्थिति से बचा जा सके।

### कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की

यह पूरी कार्रवाई श्री दीपक कुमार द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में प्रस्तुत शिकायत 11 मई के आधार पर प्रारंभ की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि ग्राम मुरा क्षेत्र में संचालित कुछ पत्थर खदानों एवं क्रेशर इकाइयों द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए खतरनाक एवं अनियंत्रित ब्लास्टिंग की जा रही है, जिससे ग्रामीणों के मकानों, जनजीवन और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शिकायत में अवैध उत्खनन, संभावित रॉयल्टी चोरी तथा विस्फोटक अधिनियम के उल्लंघन जैसी गंभीर अनियमितताओं का भी उल्लेख किया गया है। लगातार हो रही ब्लास्टिंग और धूल प्रदूषण से क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य पर खतरा उत्पन्न होने की बात कही गई है।

## खबर संक्षेप

### चालीस पौवा देशी शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**आरंग।** थाना आरंग पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 40 पौवा देशी मसाला शराब के साथ गिरफ्तार किया है। 22 मई को कृषि मंडी के सामने कलई रोड आरंग के पास से आरोपी मदन मांडले, 55 वर्ष, निवासी बरछा थाना आरंग को पकड़ा गया। उसके कब्जे से 40 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब 'शेरा' जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### 3.6 किलो गांजा बरामद आरोपी महिला गिरफ्तार

**आरंग।** थाना आरंग पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उड़ीसा के तस्कर और आरंग की एक युवती को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 3.6 किलोग्राम गांजा व मोटरसाइकिल जब्त की गई। 22 मई को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की। कांटाभांजी, उड़ीसा से रायपुर जाने वाली लोकल ट्रेन से आरंग स्टेशन पर उतरे रूनू नाग, 30 वर्ष, निवासी वार्ड-09 कांटाभांजी, जिला बलांगीर (उड़ीसा) और प्रियांशी नागरे, 20 वर्ष, निवासी देवारपारा आरंग को पकड़ा गया। दोनों देवार मोहल्ला में गांजा बेचने की फिराक में थे। आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 3.6 किलो गांजा व मोटरसाइकिल बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। दोनों को न्यायालय में पेश कर केंद्रीय जेल रायपुर भेज दिया गया है।

## किसानों ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन और उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

# खाद कोटे में कटौती, बिफरे किसानों ने दोंदेकला समिति में की तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कूंरा



खाद की माग को लेकर किसान लगातार मांग कर रहे है किसानों को प्रति एकड़ लिमिट आधे से भी कम करके भाजपा सरकार किसानों को आफत में डाल दिया है किसानों द्वारा लगातार समितियों में जाकर पूरी खाद की माग कर रहे है जो पूर्व वर्षों में दिया करते थे , इसमें प्रति एकड़ 1 बोरी डीएपी 50 किलो, 2 बोरी यूरिया, 1बोरा पोटाश , 2 बोरी राखड़ पहले दिया जाता था बल्कि और भी जरूरत के हिसाब से दे दिया जाता था। वर्तमान में किसानों को केवल 25 किलो डीएपी,1बोरी यूरिया, 15 किलो पोटाश दिए जाने का आदेश निकाल कर किसानों को बाध्य किया जा रहा है किसान लगातार समितियों में पहले जैसे खाद की मात्रा देने की माग कर रहे है सरकार की सुशासन तिहार में भी किसानों द्वारा लगातार खाद की पूर्व की भाती माग किया जा रहा है किसानों द्वारा लगातार समितियों के माध्यम से सरकार से माग किया जात रहा है आज दोंदे कला सेवा सहकारी समिति में पूर्व वर्ष की भाती खाद की माग को लेकर एकत्रित किसानों द्वारा समिति प्रभारी को जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंप कर रोष में समिति में तालाबंदी किया गया और मांग किया गया कि पूर्व की भाती हमे खाद दी जाए ताकि किसानों को बाहर से बिचौलियों से ठगी का शिकार न होना पड़े,एक तरफ सरकारी समितियों में खाद की संकट के नाम पर खाद कम दिया जा रहा है। आज के प्रदर्शन मे किसान नेता पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर उधोराम वर्मा, तिलक राम वर्मा,धुरचंद साहू,रामजी वर्मा,ईश्वर साहू,नीलकंठ साहू,चंपा लाल साहू,कमल भारती,चंद्रशेखर थवाईत,कन्हैया यादव,पन्ना लाल सेन, दया साहू, रूपु साहू,कुन्ती,रामचंद्र साहू,महेश कुमार,भारत लाल साहू,सहित दोनदेकला , दोदे खुर्द , मटिया ,लालपुर, तर्रा, जरोदा,के किसान उपस्थित रहे ,आगामी दिनों में अगर किसानों को खाद पूरी मात्रा में पूर्व वर्ष भाती नहीं मिली तो समस्त गांवों के किसानों की बैठक कर आगे उग्र आंदोलन के लिए बैठक अतिशीघ्र बुलाने का निर्णय किसानों द्वारा लिया गया है।

- खाद की आपूर्ति पूर्व की भांति करने की मांग, मांग पर किसानों की बैठक शीघ्र

### खुले बाजार में खाद है महंगी

लेकिन निजी खाद दुकानों में वही डीएपी यूरिया एवं पोटाश पर्याप्त मात्रा में ऊंची दर पर बेचा जा रहा है 1350 का डीएपी 2000 , 2200 में बेचा जा रहा है वही 260 का यूरिया 800 से 1000 में बेचा जा रहा है एक तरफ सरकार कहती है कि खाद का किल्लत है फिर निजी खाद दुकानों में पर्याप्त खाद उपलब्ध कैसे है इसका अर्थ है किसानों को सरकार द्वारा लगातार हताश किया जाता रहा है,अगर समय पर पूर्व की भाती खाद नहीं मिलने की स्थिति में धान की उत्पादन पर भारी असर पड़ने वाला है किसानों को भारी आर्थिक नुकसान सहना पड़ेगा सरकार की गलत नीतियों की वजह से किसान को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है अभी डीजल का भी संकट भी उत्पन हो गया है किसानों को अभी खेतों की जुताई करना है खेती की तैयारी करना है ट्रैक्टर से जुताई पूरी तरह से ढप है ।

# रोजगार मांगने वाले नहीं, देने वाले बनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश सर्व समाज संगठन का छठवां स्थापना दिवस समारोह संपन्न हुआ। प्रदेश भर के विभिन्न जिलों एवं समाजों से बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेघनाथ यादव, विशिष्ट अतिथि महासंघ प्रदेश अध्यक्ष शेखर वर्मा सहित संभाग व जिला स्तर के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर शेखर वर्मा, मेघनाथ यादव एवं ईश्वर पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ियों को व्यापार एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विशेष रूप से आगे आना होगा। आर्थिक सशक्तिकरण से ही परिवार, समाज और पूरे छत्तीसगढिया समाज को मजबूती मिलेगी। सभी समाजों को जातिगत भावना से ऊपर उठकर एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर संघर्ष करना होगा। समाज को जागरूक होकर संगठन शक्ति को मजबूत करना जरूरी है। संगठित समाज ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है। युवाओं से रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनने का आह्वान किया। जब तक समाज आर्थिक रूप से मजबूत नहीं होगा, तब तक परिवार एवं समाज को भी मजबूती नहीं मिल पाएगी।

- सभी समाजों को जातिगत भावना से ऊपर उठकर एकजुट होने का आह्वान

### आर्थिक सशक्तिकरण से ही छत्तीसगढ़िया समाज को मिलेगी मजबूती

छत्तीसगढ़ियों को व्यापार और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढना होगा। संगठन के पदाधिकारियों ने सामाजिक समरसता, संगठन विस्तार, स्वरोजगार और छत्तीसगढ़िया अधिकारों को लेकर अपने विचार रखे। इस मौके पर रायपुर संभाग अध्यक्ष ईश्वर पटेल की अनुशंसा पर संगठन विस्तार करते नई नियुक्तियां भी की गई। इस दौरान प्रदेश संयोजक ब्रम्ह देव पटेल, उपाध्यक्ष संत कुमार केसकर, महामंत्री लखन लाल साहू, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, उपाध्यक्ष घनश्याम देवांगन, ईश्वर पटेल,अनुरूप साहू, आनंद राम सिन्हा, भोजराम डडसेना, गेंदलाल वर्मा, आनंद यादव, बेनी राम बघेल, सचिव अशोक साहू, कला एवं साहित्य प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार पटेल, मीडिया प्रभारी डॉ. डी पी देशमुख, भानू प्रताप साहू, नेतराम यादव, भागवत सोनी, सुमन देवांगन, मुकुंद ताम्रकार, प्रेमलाल सिन्हा, फतीश साहू, धर्मेंद्र पटेल, पूरन यादव, भरत देवांगन, पति राम पटेल, महेंद्र पटेल, पीतांबर पटेल, सोमनाथ पटेल, नारायण सोनी, शेखर साहू सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# श्रीरामचरितमानस की 91 पुरानी पांडुलिपि और प्राचीन मूर्ति मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



जिला कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आरंग क्षेत्र में 'ज्ञानभारतम मिशन' अभियान के तहत ऐतिहासिक और साहित्यिक धरोहरों को सहेजने का एक अनूठा और सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आरंग के अग्रवाल पारा निवासी डॉ. संतोष अग्रवाल के निवास पर दशकों पुरानी दुर्लभ पांडुलिपियां प्राप्त हुई हैं, जिनका प्रशासनिक अधिकारियों ने विशेष रूप से अवलोकन कर टीम का उत्साहवर्धन किया।

सर्वे अभियान के दौरान डॉ. संतोष अग्रवाल के यहां उनके दादा स्वर्गीय सहदेव साव एवं स्वर्गीय गोविंद साव के समय की 91 वर्ष पुरानी दुर्लभ रामचरितमानस पोथी और 'ठग की स्वीकारोक्ति' नामक हस्तलिखित उपन्यास की ऐतिहासिक पांडुलिपि सुरक्षित मिली। इस विशेष उपलब्धि की जानकारी मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अभिलाषा पैकरा एवं जनपद पंचायत सीईओ अभिषेक बनर्जी ने मुस्कान प्रिंटर्स स्थित उनके निवास स्थल पर पहुंचकर इन दुर्लभ धरोहरों का अत्यंत बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान डॉ. अग्रवाल ने अधिकारियों को अपने परिवार में पीढ़ियों से सुरक्षित व पूजित 150 वर्ष पुराने भगवान ठाकुर जी के विग्रह के भी दर्शन कराए, जिसे देखकर अधिकारी भावविभोर हो उठे। एसडीएम अभिलाषा पैकरा ने कई पीढ़ियों पुरानी इन दुर्लभ धरोहरों और स्मृतियों को सहेज कर रखने के लिए अग्रवाल परिवार की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने 'ज्ञानभारतम मिशन' के अंतर्गत घर-घर जाकर इस अनूठी साहित्यिक संपदा को खोज निकालने वाले नवाचारी सर्वे शिक्षकों के प्रयासों की पीठ थपथपाई। ज्ञानभारतम मिशन के तहत इस गौरवशाली खोज को अमलीजामा पहनाने वाली सर्वे टीम में मुख्य रूप से शिक्षकगण अरविंद कुमार वैष्णव, महेंद्र कुमार पटेल, शीला गुरु गोस्वामी एवं अजय ध्रुव (नगर पालिका) तथा पारिवारिक सदस्य अमिताभ अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल एवं मुस्कान अग्रवाल की सहभागिता रही।

- ज्ञानभारतम मिशन के तहत सर्वेक्षण कार्य जारी

## पेज 13 के शेष...

### कचना ओवरब्रिज की ...

अंडरब्रिज का भी काम प्रारंभ हो गया है। इसके प्रारंभ होने से और राहत मिलेगी। 36 करोड़ की लागत से कचना फ्लाईओवर का काम अक्टूबर 2023 से प्रारंभ किया गया था। इसको मई में पूरा करना था और तय समय में काम पूरा भी हो गया है। हालांकि कुछ काम बचा है, लेकिन जनता को लगातार हो रही परेशानी को देखते हुए इस ब्रिज का लोकार्पण कर दिया गया है। ब्रिज का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम अरुण साव, राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, लोक नर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### अगले माह से प्रारंभ...

लगेगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। व्यापारियों को भी लाभ होगा। एंबुलेंस को भी रुकने की जरूरत नहीं होगी। श्री साय ने कहा, ब्रिज केंद्र सरकार के पैसों से बना है इसलिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार को भी धन्यवाद देता हूं। हमारा सुशासन तिहार चल रहा है। हम अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड भी जनता के सामने रख रहे हैं। यह काम सिर्फ भाजपा की सरकार ही कर सकती है। गांव-गांव जा रहे हैं, तो मालूम हो रहा सरकार के काम से जनता खुश है। हमारी सरकार ने केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रदेश से नक्सलवाद को समाप्त करने का भी काम किया गया है। अगले माह हम मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर प्रारंभ कर रहे हैं, इसमें जनता अपनी समस्याएं बता सकेगी। समस्याओं का समाधान का काम किया जाएगा। अधिकारियों की लापरवाही पर भी कार्रवाई होगी।

### डीजल-पेट्रोल संकट में ...

ही तीन पेट्रोल पंप के विडियो सोशल मीडिया में वायरल हुए हैं, जिसमें नियमों के विरुद्ध पेट्रोल-डीजल बेचे जाने की रिकार्डिंग है। इन विडियो को संज्ञान में लेकर खाद्य विभाग ने एक्शन लेते हुए दो पेट्रोल पंप संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, वहीं एक पंप की जांच की जा रही है। अधिकारी के अनुसार तीसरे पंप संचालक को भी जल्द ही नोटिस जारी किया जाएगा।

**कंपनी से मिलता है महंगाः**-पेट्रोल और डीजल का रेट आम लोगों और औद्योगिक क्षेत्र के लिए अलग-अलग है। पेट्रोल पंपों में जिस रेट पर पेट्रोल-डीजल मिलता है, उसकी तुलना में औद्योगिक क्षेत्र में इसकी कीमत लगभग 45 से 50 रुपए अधिक है। यही कारण है कि कई फैक्ट्री, कारखाना सहित अन्य उद्योग से जुड़े लोग पैसा बचाने के लिए पेट्रोल पंपों से 115 से 120 रुपए प्रति लीटर की दर से पेट्रोल-डीजल की खरीदी कर रहे हैं। इससे उद्योगों एवं पेट्रोल पंप संचालक दोनों को फायदा हो रहा है।

**केस-1...**

कार से पहुंचे लोगों को जेरिकेन (ड्रम) में पेट्रोल और डीजल भर-भरकर दे रहे हैं। वहीं पंप में अन्य वाहन चालक जो पेट्रोल-डीजल लेने के लिए खड़े हैं, उन्हें इंतजार कराया जा रहा है। कई लोगों ने जब इसका विरोध किया, तो कर्मचारियों ने उन्हें पेट्रोल-डीजल देने से इनकार करते हुए दूसरे पेट्रोल पंप जाने के लिए कहा। विभाग ने इस विडियो के आधार पर पेट्रोल पंप की जांच भी की।

**केस-2...**

डीजल-पेट्रोल नहीं देकर एक बोलेरो वाहन सीजी 12एटी 9665 में आए लोगों को जेरिकेन ड्रम में भरकर पेट्रोल-डीजल बेचा गया। लोगों ने ही इसका विडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया है। इस विडियो के आधार पर विभागीय टीम ने इस पंप की भी जांच की। इस जांच में पंप में पेट्रोल-डीजल के स्टॉक तथा रेट की सूची नहीं पाई गई।

**केस-3...**

देकर कर्मचारी एक पिकअप वाहन में पहुंचे लोगों को जेरिकेन में पेट्रोल-डीजल भरकर बेच रहा था। सूत्रों से पता चला है कि इस पंप के संचालक ने किसी निजी अस्पताल को पेट्रोल-डीजल बेचना बताया है, जबकि इस संबंध में संचालक ने न ही विभाग या कंपनी से कोई अनुमति ली है, और न ही अस्पताल को पेट्रोल-डीजल बेचे जाने का कोई प्रमाण खाद्य विभाग के समक्ष प्रस्तुत किया है।

### पेट्रोल-डीजल की ...

पर रोक लगा दी है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित पेट्रोल पंप संचालक के खिलाफ मोटर स्पिरिट और उच्च वेग डीजल आदेश 2005 के तहत अप्राधिकृत विक्रय मानकर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई की जाएगी। हालांकि शासन ने रबी-खरीफ सीजन के लिए किसानों तथा कलेक्टर द्वारा चिन्हांकित शासकीय निर्माण कार्यों, अस्पताल, मोबाइल टावर जैसी अत्यावश्यक सेवाओं को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। इनके लिए अनुविभागीय अधिकारी के परीक्षण के बाद सुरक्षा मानकों के अनुरूप बिक्री की अनुमति होगी।

**पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉकः**-पश्चिम एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों के बीच प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि राज्य में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। खाद्य विभाग के अनुसार प्रदेश के 2516 पेट्रोल-डीजल पंपों पर 22 मई 2026 की स्थिति में 4.35 करोड़ लीटर पेट्रोल और 8.15 करोड़ लीटर डीजल का स्टॉक मौजूद है। राज्य को प्रतिदिन आपूर्ति जारी है। इसके तहत 21 मई को ही 32.52 लाख लीटर पेट्रोल और 57.60 लाख लीटर डीजल की प्राप्ति हुई है। लखौली, मंदिर हसौद और गोपालपुर स्थित ऑयल कंपनी डिपो से जिलों को मांग के अनुसार सप्लाई की जा रही है। रबी फसल कटाई और खरीफ की तैयारी के कारण डीजल की मांग में बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिसे ध्यान में रखकर आपूर्ति बढ़ाई गई है।

**पैनिक खरीदारी से बचने की अपीलः**- सचिव खाद्य ने 20 मई को सभी ऑयल कंपनियों के साथ समीक्षा बैठक कर ड्राई आउट होने वाले पंपों को तत्काल स्टॉक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। सरकार ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अफवाहों से प्रभावित होकर पैनिक खरीदारी या संग्रहण न करें। राज्य में ईंधन की आपूर्ति सुगम बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

### दूसरे दिन भी जारी रहा ...

दिन में गर्मी दो डिग्री और बढ़ने के आसार हैं। सुबह 10 बजे के बाद धूप का प्रभाव शुरू हो जाता है और 12 बजे के बाद लू का प्रभाव शुरू हो जाता है, जिसका असर शाम 5 बजे के बाद ही कम हो रहा है, मगर गर्मी से राहत सुबह बाद ही मिल पा रही है। तेज गर्मी से झुलस रही धरती को ठंडा होने में काफी वक्त लग रहा है। राज्य में अभी उत्तर-पश्चिम की शुष्क और गर्म हवा प्रवेश कर रही, जिससे तापमान लगातार बढ़ रहा है। हवा की दिशा में बदलाव होने की संभावना अभी नहीं है, इसलिए गर्मी का कहर अगले पांच दिनों तक जारी रहने के आसार हैं। गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी गर्मी के तेवर में कमी नहीं दिखी। शुक्रवार को माना के बजाए दुर्ग का तापमान 45 डिग्री के समीप दर्ज किया गया और माना-रायपुर का टेंप्रेचर 44 डिग्री से ज्यादा रहा, जिससे यहां ग्रीष्मलहर के थपेड़ों से लोग झुलसते रहे। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है, अधिकतम तापमान में अगले तीन दिनों में दो डिग्री के आसपास वृद्धि होने की संभावना है। बस्तर संभाग में 26 मई से वर्षा का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। मध्य इलाके में इसकी गतिविधि 29 मई से होने के संकेत हैं।

### पत्नी, बेटे की मौत से ...

करने वाले कारोबारी का नाम प्रवाल सोनी है, वह अपने पिता के साथ बूढ़ापारा स्थित गोलछा गली में रहता था। प्रवाल अपने पिता के साथ श्री ज्वेलर्स के नाम से सोने-चांदी की दुकान संचालित करता था। कारोबारी की पत्नी और बेटे की मौत करीब एक साल पहले हो चुकी है। पुलिस को प्रवाल सोनी की खुदकुशी करने की सूचना घटना दिनांक को रात साढ़े दस बजे के करीब उनके परिजनों के माध्यम से मिली।

### गुमटी से माल तक के कारोबार के लिए लायसेंस अब अनिवार्य

**तिल्दा नेवरा।** छत्तीसगढ़ में अब गुमटी से लेकर मॉल तक की दुकानों को ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य हो गया है। शुक्रवार को राजपत्र में इसकी अधिसूचना भी जारी हो गई है। इसके बिना कोई भी छोटा या बड़ा व्यवसाय नहीं चलाया जा सकता।

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/202605114900076/अ–27/2025–2026

रायपुर, दिनांक 20/05/2026

ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रतिमा पुजारी पति ओमप्रकाश पुजारी निवासी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ०ग० भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा-178 के अंतर्गत खाता विभाजन किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में लेख किया है कि ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 रा.नि.मं. रायपुर–11 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 89/2 0.3610 हे. भूमि आवेदिका एवं अनावेदकगण (01) स्नेहलता पुजारी पति स्व. मुकेश पुजारी, अनुभव पुजारी पिता स्व. मुकेश पुजारी, मोहित पुजारी पिता स्व. मुकेश पुजारी, तोरण प्रकाश पुजारी पिता स्व. कृष्णा प्रकाश पुजारी, धर्मेंद्र पुजारी पिता स्व. कृष्णा प्रकाश पुजारी सभी निवासी पुजारी बाड़ा सदर बाजार रायपुर (छ.ग.), रेखा मोहन शर्मा पति मोहन शर्मा निवासी राम मंदिर रोड नेरपरसोपंत यवतमाल जिला यवतमाल महाराष्ट्र, कृष्णा शर्मा पति प्रमोद शर्मा निवासी सी-22 शैलेन्द्र नगर रायपुर (छ. ग.), ज्योती शर्मा पति डॉ. हरिश शर्मा निवासी नेहरू नगर भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.) के संयुक्त नाम पर दर्ज है तथा आवेदक एवं अनावेदकगण की पैतृक संपत्ति है। उक्त भूमि पर आवेदिका एवं अनावेदकगण अपने पूर्वज के स्वर्गवास के उपरांत उनके विधिक वारिसान के रूप में आज दिनांक तक शांतिपूर्वक दाखिल व काबिज हैं। उपरोक्त भूमि का दिनांक 11/08/2025 को समस्त भूमिस्वामी की उपस्थिति में सीमांकन करा लिया गया है। उक्त सीमांकन के दौरान ही समस्त भूमिस्वामी ने अपने कब्जे के संबंध में स्व–हस्ताक्षरित करा दिया जिसके अनुसार समस्त पक्षकार काबिज हैं। उक्त बात का प्रमाण न्यायालय ने दिनांक 24/02/2026 को पारित सीमांकन आदेश में उल्लेखित किया है। उक्त भूमि कृषि होने के साथ आज दिनांक तक अविभाजित है, जिसका भौतिक बटांकन नहीं हुआ है। अतः समस्त पक्षकारों के भोग स्वामित्व एवं हिस्से के अनुणत के आधार पर खाते का बंटवारा किए जाने का निवेदन किया गया है।अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 08/06/2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।आज दिनांक 20/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रमांक /अ-6/ 2025–2026

रायपुर, दिनांक 21/05/2026

ग्राम-सोनडोंगरी, प.ह.नं.-36, तहसील व जिला रायपुर

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक जसबीर सिंह ओबेरॉय पिता श्री कल्याण सिंह ओबेरॉय निवासी-505 सिविल लाइन्स बैंक बंध चौक के पास रायपुर बिन्द्रानवागढ़ रायपुर (छ.ग.) अनावेदक (1) परमजीत सिंह पिता-जसबीर सिंह निवासी-505 सिविल लाइन्स रायपुर (छ.ग.) (2) गुरूविंदर जीत सिंह पिता-जसबीर सिंह निवासी- 505 सिविल लाइन्स रायपुर (छ.ग.) (3) श्रीमती हरप्रीत कौर पति-श्री दमणजीत सिंह निवासी-505 सिविल लाइन्स रायपुर (छ.ग.) (4) छत्तीसगढ़ शासन तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक का नाम एवं पता उपरोक्त शीर्षक अनुसार है। वसीयत शुदा भूमि ग्राम सोनडोंगरी रिंग रोड नंबर 2, रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 601/2 व 604/1 वसीयत कर्ता स्वर्गीय श्रीमती परविंदर कौर ओबेरॉय के द्वारा इस वसीयत शुदा संपत्ति को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 30/08/1955 के माध्यम से प्रतिवादी क्रमांक 1-3 के साथ संयुक्त रूप से विक्रय कर इस भूमि की स्वत्व की प्राप्ति की। वसीयत कर्ता स्वर्गीय श्रीमती परविंदर कौर ओबेरॉय के द्वारा आवेदक के पक्ष में एक वसीयत नामा, बिना किसी डर, दबाव के, अपनी अंतिम इच्छा व्यक्त करते हुए, आवेदक के पक्ष में वसीयतनामा दिनांक 10/12/2024 का निष्पादन किया। वसीयत कर्ता की मृत्यु दिनांक 29/01/2025 हो जाने के बाद से उक्त वसीयतनामा पूर्णरूप से प्रभावी हो चुका है जिसके परिणाम स्वरूप उक्त वसीयत शुदा संपत्ति का स्वत्व आवेदक को प्राप्त हुआ उक्त वसीयतनामा दिनांक 10/12/2024 के आधार पर ही आवेदक पूर्व भूमि स्वामी एवं वसीयतकर्ता स्वर्गीय श्रीमती परविंदर कौर ओबेरॉय के फौत को दर्ज करते हुए उनका नाम विलोपित कर, वसीयत के आधार पर वसीयतशुदा संपत्ति से संबंधित सभी राजस्व अभिलेखों में आवेदक का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतः मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर आवेदक वारिसान का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन किया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 03/06/2026 को होगी। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 03/06/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, रायपुर (छ.ग.)

**// आम सूचना //**

(ग्राम रायपुरखास, प.ह.नं. 62, रा.नि.मं. रायपुर-12-रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित मकान के संबंध में)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री मुकेश चंद्राकर पिता श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर, निवासी-एच.नं. 23, लालपुर, गार्डन गरोवेस, लालपुर, रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा विक्रेता श्री राहुल कुमार गोयलानी पिता श्री बद्री नारायण गोयलानी, निवासी-हाउस नं. 2009, नेमीचंद गली-3, गंज पारा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) वालो से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की मकान वाके मौजा-रायपुरखास, प.ह.नं. 62, रा.नि.मं. रायपुर-12-रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नं 127/7 रकबा 0.0250 हे. याने 2500 वर्गफूट भूमि जिस पर मकान निर्मित है को क्रय करने का लिखित सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।अतः उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक इत्यादि को कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मयदस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किये गये दावा आपत्ति शून्य एवं अवैध माना जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

रायपुर (छ.ग.) दिनांक 22.05.2026

भवदीय

देवेन्द्र कुमार यादव(अधिवक्ता)

पता-आजाद चौक थाना के सामने रायपुर (छ.ग.), मो. 9981145570

### विधायक अनुज ने सुनीं ग्रामीणजनों की मस्याएं

**कूंरा।** ग्राम परसदा में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक अनुज शर्मा ने जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए और उपस्थित अधिकारियो को तत्काल उनके निराकरण करने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

### व्यापार अनुज्ञप्ति नियम लागू बिना लाइसेंस नहीं चलेगा कारोबार




**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा-नेवरा नगर पालिका क्षेत्र में अब छत्तीसगढ़ व्यापार अनुज्ञप्ति नियम, 2025 लागू हो चुके हैं। इसके तहत नगर क्षेत्र में किसी भी प्रकार का व्यापार बिना वैध व्यापार अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के संचालित नहीं किया जा सकेगा। नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा ने सभी व्यापारियों, दुकानदारों एवं सेवा आधारित व्यवसाय संचालकों से शीघ्र व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त करने की अपील की है। नियम के दायरे में दुकानदार, गुमटी एवं ठेला संचालक, वाहन या मोबाइल वैन से व्यापार करने वाले, साथ ही सैलून, वर्कशॉप, क्लिनिक, गोदाम समेत विभिन्न सेवा आधारित व्यवसाय शामिल हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी डॉ. अमिताभ शर्मा ने कहा कि नगर के सुव्यवस्थित विकास और पारदर्शी प्रशासन के लिए व्यापार अनुज्ञप्ति अनिवार्य है। उन्होंने सभी व्यापारी भाई-बहनों से समय पर लाइसेंस प्राप्त कर नियमों का पालन करने की अपील की है।उन्होंने कहा नगर पालिका कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समय पर अनुज्ञप्ति नहीं लेने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# मौसम की मार कर रही बीमार, सरकारी अस्पतालों के मेडिसिन विभाग में बढ़े 40 फीसदी मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मौसम की मार ने एक बार फिर लोगों को बीमार कर दिया है। पिछले चार-पांच दिनों से पड़ रही भारी गर्मी की वजह से सरकारी और निजी अस्पतालों के मेडिसिन विभाग में 40 फीसदी मरीज बढ़ गए हैं। डाक्टरों के मुताबिक पांच दिन के साइड इफेक्ट की वजह से डिहाईड्रेशन, कमजोरी, बुखार, लो-बीपी जैसी समस्याएं बढ़ गई हैं। गंभीर मामलों में मरीजों को भर्ती करने की ज्यादा जरूरत पड़ रही है और इस तरह की शिकायत ग्रामीण इलाकों में अधिक है। मौसम के बदलाव की गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू किया है, जिसने आम जीवन को प्रभावित कर दिया है। तेज गर्मी के प्रभाव से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है और थोड़ी लापरवाही के कारण लोग बीमार भी पड़ने लगे हैं। पड़ रही तेज गर्मी के कारण लोगों में ड्रिहाईडेशन, कमजोरी, बुखार, सिर दर्द जैसी समस्या बढ़ गई हैं। इसके इलाज के लिए गली-मोहल्ले के छोटे-बड़े सरकारी और निजी अस्पतालों के साथ आंबेडकर, जिला अस्पताल में भी मरीज बढ़ने लगे हैं। आंबेडकर अस्पताल के मेडिसिन विभाग में आने वाले मरीजों में चालीस फीसदी पेशेंट मौसमी बीमारी से पीड़ित हैं।

- **5** दिन का साइड इफेक्ट-डिहाईड्रेशन, कमजोरी, बुखार जैसी समस्याएं बढ़ीं
- गंभीर मामलों में भर्ती भी हो रहे मरीज, ग्रामीण इलाकों में ज्यादा शिकायत

### खतरनाक है दोपहर की धूप



चिकित्सकों के मुताबिक गर्मी के दिनों में वैसे तो बिना सुरक्षा के रहना जोखिम भरा हो सकता है, पिछले तीन दिन से अपना तेज असर दिखा रही धूप के दौरान दोपहर एक से चार बजे के बीच की गर्मी ज्यादा नुकसान दायक है। इस दौरान पड़ने वाली अल्टरावाइलेंट किरण बीमारी के साथ त्वचा को नुकसान पहुंचाने वाली होती है। सावधानी बरतते हुए इस दौरान बिना बेहद जरूरी काम के बाहर निकलना ठीक नहीं है। अभी कुछ दिनों तक ज्यादा सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

### 25 मई से नवतपा

प्रदेश में 25 मई से नवतपा की गर्मी अपना असर दिखाएगी। इस दौरान तापमान और बढ़ने की संभावना है, गर्मी के दौरान खानपान में भी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। खाने-पाने में की जाने वाली लापरवाही से फूड पाइजनिंग की आशंका बढ़ जाती है। इसी तरह गर्मी के दिनों में प्रदूषित पानी के प्रभाव से डायरिया की समस्या आन खड़ी होती है। जानकारों का दावा है कि इस बार बड़े पैमाने पर इस तरह की समस्या सामने नहीं आई है। इक्का-दुक्का क्षेत्र में ही इस तरह की समस्या सामने आई है।

### ओपीडी में बढ़े मरीज

*पिछले कुछ दिनों से ओपीडी में मौसम से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ी हुई है। चालीस फीसदी पेशेंट कमजोरी, बुखार जैसी परेशानी लेकर आ रहे हैं।लक्षण के आधार पर मरीजों का इलाज किया जा रहा है।*

**डॉ. योगेन्द्र मल्होत्रा, विशेषज्ञ, मेडिसिन विभाग, आंबेडकर अस्पताल**

### काफी मरीज

*लू जैसी समस्या लेकर काफी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। कई केस फूड पाइजनिंग से संबंधित भी हैं। मरीजों को दवाओं के साथ सावधानी बरतने की सलाह भी दी जा रही है।*

**डॉ. विनय वर्मा, चिकित्सा विशेषज्ञ**

## खबर संक्षेप



### एकल मां प्रसूति सम्मान में 25 माताएं सम्मानित

**रायपुर।** प्रत्यूषा फाउंडेशन रायपुर द्वारा विगत दिनों एकल मां प्रसूति सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन संतोष हॉल, मैग्नेटो मॉल में संपन्न हुआ। जहां संस्था की संस्थापिका प्रीति दास मिश्रा ने बताया कि विगत वर्षा से एकल मां प्रसूति सम्मान का कार्यक्रम, ऐसी मां, जिनके जीवनसाथी के निर्वाण के बाद अकेले ही किस तरह समाज और परिवार के साथ स्वयं का और अपने संतानों की परवरिश की। उनका जीवन कितना संघर्षपूर्ण रहा। एक स्त्री को जब प्रसव की पीड़ा के पश्चात मातृ सुख की प्राप्ति होती है। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। अदिति दासगुप्ता द्वारा भगवान जगन्नाथ का मंगलाचरण पर भरतनाट्यम की प्रस्तुति के प्रस्तुति पश्चात अतिथियों का स्वागत पौधे से किया गया। कार्यक्रम में जब दिव्यांग मां सम्मानित हुईं तो उनके हौसले की कहानी सुन पूरा सदन तालियों से गूंज से भर उठा। संस्था में जुड़े नए सदस्य संरक्षक पद्मा शर्मा, सलाहकार डॉ. भवानी प्रधान, विधिक सलाहकार लक्की दुबे, प्रीति रानी तिवारी को उनके दायित्व की विधिवत शपथ प्रदेश अध्यक्ष वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन अरविंद ओझा शपथ अधिकारी ने दिलाई।

## निधन

### सरोज गढ़ेवाल

**रायपुर।** शिवानंद नगर निवासी सरोज गढ़ेवाल का 21 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 मई को खमतराई मुक्तिधाम में किया गया। वे दिनेश गढ़ेवाल की धर्मपत्नी, विनय, विशाल एवं अमन गढ़ेवाल की माता थीं।



### सरस्वती त्रिपाठी

**रायपुर।** गायत्री हॉस्पिटल के पास डगनिया निवासी सरस्वती त्रिपाठी (88) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 मई को सुबह 9 बजे निवास स्थान से महादेव घाट के लिए निकलेगी। वे स्व. दुर्गाशंकर त्रिपाठी की पत्नी, विवेकानंद त्रिपाठी की माता एवं चिन्मय की दादी थीं।



### भीड़ के कारण मजबूरी में खिड़की के बाहर खड़े लोगों से पानी की बोतलें भरवाने को मजबूर हैं यात्री

# ट्रेनों के जनरल कोच बने 'अंगारे', 45 डिग्री में पंखे की हवा भी लग रही लू जैसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप ने ट्रेनों में सफर करने वाले जनरल कोच के यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बाहर का तापमान जहां 40 डिग्री के पार है, वहीं दोपहर में कोच के अंदर की भारी भीड़ और उमस के कारण यह 45 डिग्री से भी अधिक महसूस हो रहा है। आलम यह है कि बिना हवा के कोच में बैठना यात्रियों के लिए सजा बन गया है। हरिभूमि' की टीम ने जब रायपुर स्टेशन का जायजा लिया, तो स्थिति भयावह दिखी। कोच में पैर रखने तक की जगह नहीं है। भीड़ इतनी है कि यात्री अपनी सीट छोड़ने की हिम्मत भी नहीं कर पा रहे हैं। डर इस बात का है कि यदि वे पानी भरने के लिए नीचे उतरेंगे, तो वापस अपनी सीट तक नहीं पहुंच पाएंगे।

हालत यह है कि जनरल कोच में बैठे यात्री खिड़की के बाहर खड़े अन्य यात्रियों से बोतल में पानी भरने की मिन्नतें कर रहे हैं। जो लोग पानी भरने में सक्षम नहीं हैं, वे स्टेशन वेंडर्स से महंगे दामों पर पानी खरीदने को मजबूर हैं। कई यात्री तो लू के थपेड़ों से बचने के लिए चेहरा ढंककर घंटों का सफर तय करने को विवश हैं। लगातार बढ़ती उमस और कोच के अंदर बढ़े तापमान के कारण यात्रियों की तबीयत बिगड़ रही है। लंबे समय तक गर्मी के संपर्क में रहने से चक्कर आना, और घबराहट जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। बुजुर्गों और बच्चों के लिए तो यह सफर कठिन बन चुका है।

### पानी के लिए भी करना पड़ रहा संघर्ष

**दोपहर 12 से शाम 4 बजे के बीच कोच का तापमान अधिक रात में भी मिल रही गर्म हवा**

**सीट छिन जाने के डर से यात्री पानी भरने के लिए भी कोच से बाहर नहीं निकल पा रहे**



### गर्म हवा के कारण यात्रियों का आपस में बातचीत करना भी मुश्किल

गर्मी की मार अब केवल जनरल कोच तक ही सीमित नहीं है, बल्कि स्लीपर क्लास के यात्रियों का सफर भी किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं रह गया है। सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक गर्म हवाओं का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। गोंडवाना एक्सप्रेस से दिल्ली से बिलासपुर जा रहे यात्री कामता प्रसाद वर्मा ने बताया कि दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच कोच का तापमान असहनीय हो जाता है। उन्होंने बताया, इस दौरान पंखे की हवा भी राहत देने के बजाय लू जैसे महसूस होती है। गला इतना जल्दी सूख रहा है कि आपस में बातचीत करना भी मुश्किल हो गया है। दिन भर में 5 लीटर से अधिक पानी पीने के बाद भी प्यास नहीं बुझ रही है।

### सीधी धूप और उमस का डबल अटैक

*इतवारी एक्सप्रेस में सफर कर रहे कुशाल पांडेय का कहना है कि स्लीपर कोच में खिड़कियों से सीधी धूप अंदर आती है, जिससे कोच तपकर भट्टी बन जाते हैं। लू के थपेड़ों से बचने के लिए यात्री चेहरे पर कपड़ा बांधकर और खिड़कियां बंद करके सफर करने को मजबूर हैं। इसके बावजूद कोच के अंदर का तापमान यात्रियों के धैर्य की परीक्षा ले रहा है।*

### ट्रेनों में 'नो-सीट' का संकट, वेटिंग लिस्ट की लंबी कतार

*रायपुर से देश के अलग-अलग कोनों में जाने वाली लगभग हर प्रमुख ट्रेन में अगले 20 दिनों तक के लिए वेटिंग लिस्ट फुल हो चुकी है। यात्रियों की बढ़ती संख्या का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, गोंडवाना और हमसफर जैसी प्रमुख ट्रेनों में अगले 20 दिनों तक कंफर्म सीट मिलना बंद हो गया है। यही हाल अन्य लंबी दूरी की ट्रेनों का है। रायपुर से हैदराबाद, बिहार, मुंबई और उत्तर प्रदेश जाने वाली गाड़ियां जैसे हावड़ा-मुंबई, समरसत्ता, सारनाथ, रक्सौल और साउथ बिहार एक्सप्रेस में टिकट का मिलना किसी जंग जीतने से कम नहीं है। स्थिति इतनी गंभीर है कि यात्रा के दो-तीन दिन पहले ही स्लीपर कोच में बुकिंग क्लोज हो जा रही है। यात्री के 1 से 5 तक की वेटिंग भी क्लियर नहीं हो पा रही है। बिना कंफर्म टिकट के यात्री जनरल कोच की भीड़ में घुसने को मजबूर हैं, जहां पहले से ही जगह नहीं है।*

# पीटीआई टीचर छात्र जेल दाखिल

- *12वीं हिंदी प्रश्नपत्र लीक प्रकरण में कोतवाली थाना में दर्ज है मामला*




**प्यून, केंद्राध्यक्ष के साथ शिक्षकों से होगी पूछताछ**

**रायपुर।** कोतवाली थाना में मार्च में दर्ज 12वीं बोर्ड हिंदी प्रश्नपत्र लीक प्रकरण में पुलिस ने पिछले दिनों गिरफ्तार पीटीआई टीचर तथा एक छात्र को शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस ने बुधवार को बेमेतरा, बोरतरा हायर सेकंडरी स्कूल के पीटीआई टीचर जवाहर लाल कुर्रे तथा उसी गांव के रहने वाले विकास सेन को गिरफ्तार कर पूछताछ करने रिमांड हासिल की थी। पूछताछ में पुलिस को दोनों आरोपियों से पेपर लीक प्रकरण में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। उसी जानकारी के आधार पर पुलिस आगे की जांच करेगी।

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबाक 12वीं हिंदी का पर्चा जिस स्कूल में जवाहर पीटीआई टीचर है, उसी स्कूल से लीक हुआ है। पर्चा लीक मामले में पुलिस को और अन्य शिक्षकों के शामिल होने की आशंका है। पूछताछ में जवाहर ने जिन शिक्षकों का नाम पुलिस को बताया है, पुलिस उन शिक्षकों को पूछताछ करने थाना तलब करेगी। इसके साथ ही पुलिस, बोरतरा हाई स्कूल के केंद्राध्यक्ष के साथ स्कूल के प्यून को पूछताछ करने तलब करेगी। पुलिस की सायबर एक्सपर्ट की टीम इस बात की जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि प्रश्न पत्र की लिखित कॉपी कितने छात्रों के बीच सर्कुलेट हुई थी। उन छात्रों के बीच पर्चा लीक के मास्टर माइंड वेणु कुमार जंघेल के साथ अन्य आरोपियों के साथ संबंध थे या उनके द्वारा किसी तरह से कोई लेन-देन किया गया है।

## बिजनेस साइट सिटी

### सेंट्रल बैंक के मेगा रिटेल ऋण शिविर में 53 हितग्राहियों को 28 करोड़ की ऋण स्वीकृति



**रायपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा देशव्यापी मेगा रिटेल ऋण आउटरीच कार्यक्रम के तहत टाउन हॉल रायपुर में विशेष ऋण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों को बैंक की विभिन्न रिटेल ऋण योजनाओं आवास, वाहन, मॉर्टगेज, गोल्ड, एजुकेशन, पर्सनल एवं पेंशन लोन की जानकारी प्रदान कर उनकी जरूरतों के अनुरूप ऋण सुविधा उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम में लगभग 80 ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बैंक ने ग्राहकों से ऋण प्रक्रियाओं संबंधी सुझाव एवं फीडबैक लेकर सेवाओं में सुधार का आश्वासन भी दिया। शिविर में 53 हितग्राहियों को करीब 28 करोड़ रुपए के रिटेल ऋण स्वीकृत किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में अविनाश डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट रमेश कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि रेलवे के सेवानिवृत्त चीफ डीटीए डॉ. के. सत्यनारायणा उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम रायपुर अंचल के अंचल प्रमुख राकेश भूतड़ा एवं क्षेत्रीय प्रमुख प्रफुल्ल बंसल के समन्वय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन गरिमा सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन मुख्य प्रबंधक पवन कुमार ने किया।

## पेज 13 के शेष

### कचना ओवरब्रिज की मिली...

अंडरब्रिज का भी काम प्रारंभ हो गया है। इसके प्रारंभ होने से और राहत मिलेगी। 36 करोड़ की लागत से कचना फ्लाईओवर का काम अक्टूबर 2023 से प्रारंभ किया गया था। इसको मई में पूरा करना था और तय समय में काम पूरा भी हो गया है। हालांकि कुछ काम बचा है, लेकिन जनता को लगातार हो रही परेशानी को देखते हुए इस ब्रिज का लोकार्पण कर दिया गया है। ब्रिज का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम अरुण साव, राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, लोक नर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### अगले माह से प्रारंभ करेंगे मुख्यमंत्री...

लगेगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। व्यापारियों को भी लाभ होगा। एंबुलेंस को भी रुकने की जरूरत नहीं होगी। श्री साय ने कहा, ब्रिज केंद्र सरकार के पैसों से बना है इसलिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार को भी धन्यवाद देता हूं। हमारा सुशासन तिहार चल रहा है। हम अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड भी जनता के सामने रख रहे हैं। यह काम सिर्फ भाजपा की सरकार ही कर सकती है। गांव-गांव जा रहे हैं, तो मालूम हो रहा सरकार के काम से जनता खुश है। हमारी सरकार ने केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रदेश से नक्सलवाद को समाप्त करने का भी काम किया गया है। अगले माह हम मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर प्रारंभ कर रहे हैं, इसमें जनता अपनी समस्याएं बता सकेगी। समस्याओं का समाधान का काम किया जाएगा। अधिकारियों की लापरवाही पर भी कार्रवाई होगी।

### डीजल-पेट्रोल संकट में चला 'खेल', आम...

ही तीन पेट्रोल पंप के विडियो सोशल मीडिया में वायरल हुए हैं, जिसमें नियमों के विरुद्ध पेट्रोल-डीजल बेचे जाने की रिकार्डिंग है। इन विडियो को संज्ञान में लेकर खाद्य विभाग ने एक्शन लेते हुए दो पेट्रोल पंप संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, वहीं एक पंप की जांच की जा रही है। अधिकारी के अनुसार तीसरे पंप संचालक को भी जल्द ही नोटिस जारी किया जाएगा।

**कंपनी से मिलता है महंगा:** पेट्रोल और डीजल का रेट आम लोगों और औद्योगिक क्षेत्र के लिए अलग-अलग है। पेट्रोल पंपों में जिस रेट पर पेट्रोल-डीजल मिलता है, उसकी तुलना में औद्योगिक क्षेत्र में इसकी कीमत लगभग 45 से 50 रुपए अधिक है। यही कारण है कि कई फैक्ट्री, कारखाना सहित अन्य उद्योग से जुड़े लोग पैसा बचाने के लिए पेट्रोल पंपों से 115 से 120 रुपए प्रति लीटर की दर से पेट्रोल-डीजल की खरीदी कर रहे हैं। इससे उद्योगों एवं पेट्रोल पंप संचालक दोनों को फायदा हो रहा है।

**केस-1...**

कार से पहुंचे लोगों को जेरिकेन (ड्रम) में पेट्रोल और डीजल भर-भरकर दे रहे हैं। वहीं पंप में अन्य वाहन चालक जो पेट्रोल-डीजल लेने के लिए खड़े हैं, उन्हें इंतजार कराया जा रहा है। कई लोगों ने जब इसका विरोध किया, तो कर्मचारियों ने उन्हें पेट्रोल-डीजल देने से इनकार करते हुए दूसरे पेट्रोल पंप जाने के लिए कहा। विभाग ने इस विडियो के आधार पर पेट्रोल पंप की जांच भी की।

**केस-2...**

डीजल-पेट्रोल नहीं देकर एक बोलेरो वाहन सीजी 12एटी 9665 में आए लोगों को जेरिकेन ड्रम में भरकर पेट्रोल-डीजल बेचा गया। लोगों ने ही इसका विडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया है। इस विडियो के आधार पर विभागीय टीम ने इस पंप की भी जांच की। इस जांच में पंप में पेट्रोल-डीजल के स्टॉक तथा रेट की सूची नहीं पाई गई।

**केस-3...**

देकर कर्मचारी एक पिकअप वाहन में पहुंचे लोगों को जेरिकेन में पेट्रोल-डीजल भरकर बेच रहा था। सूत्रों से पता चला है कि इस पंप के संचालक ने किसी निजी अस्पताल को पेट्रोल-डीजल बेचना बताया है, जबकि इस संबंध में संचालक ने न ही विभाग या कंपनी से कोई अनुमति ली है, और न ही अस्पताल को पेट्रोल-डीजल बेचे जाने का कोई प्रमाण खाद्य विभाग के समक्ष प्रस्तुत किया है।

### पेट्रोल-डीजल की ड्रम-जेरीकेन...

पर रोक लगा दी है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित पेट्रोल पंप संचालक के खिलाफ मोटर स्पिरिट और उच्च वेग डीजल आदेश 2005 के तहत अप्राधिकृत विक्रय मानकर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई की जाएगी। हालांकि शासन ने रबी-खरीफ सीजन के लिए किसानों तथा कलेक्टर द्वारा चिन्हांकित शासकीय निर्माण कार्यों, अस्पताल, मोबाइल टावर जैसी अत्यावश्यक सेवाओं को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। इनके लिए अनुविभागीय अधिकारी के परीक्षण के बाद सुरक्षा मानकों के अनुरूप बिक्री की अनुमति होगी।

**पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक:** पश्चिम एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों के बीच प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि राज्य में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। खाद्य विभाग के अनुसार प्रदेश के 2516 पेट्रोल-डीजल पंपों पर 22 मई 2026 की स्थिति में 4.35 करोड़ लीटर पेट्रोल और 8.15 करोड़ लीटर डीजल का स्टॉक मौजूद है। राज्य को प्रतिदिन आपूर्ति जारी है। इसके तहत 21 मई को ही 32.52 लाख लीटर पेट्रोल और 57.60 लाख लीटर डीजल की प्राप्ति हुई है। लखौली, मंदिर हसौद और गोपालपुर स्थित ऑयल कंपनी डिपो से जिलों को मांग के अनुसार सप्लाई की जा रही है। रबी फसल कटाई और खरीफ की तैयारी के कारण डीजल की मांग में बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिसे ध्यान में रखकर आपूर्ति बढ़ाई गई है।

**पैनिक खरीदारी से बचने की अपील:** सचिव खाद्य ने 20 मई को सभी ऑयल कंपनियों के साथ समीक्षा बैठक कर ड्राई आउट होने वाले पंपों को तत्काल स्टॉक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। सरकार ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अफवाहों से प्रभावित होकर पैनिक खरीदारी या संग्रहण न करें। राज्य में ईंधन की आपूर्ति सुगम बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

### दूसरे दिन भी जारी रहा प्रकोप दिख नहीं...

दिन में गर्मी दो डिग्री और बढ़ने के आसार हैं। सुबह 10 बजे के बाद धूप का प्रभाव शुरू हो जाता है और 12 बजे के बाद लू का प्रभाव शुरू हो जाता है, जिसका असर शाम 5 बजे के बाद ही कम हो रहा है, मगर गर्मी से राहत सुबह बाद ही मिल पा रही है। तेज गर्मी से झुलस रही धरती को ठंडा होने में काफी वक्त लग रहा है। राज्य में अभी उत्तर-पश्चिम की शुष्क और गर्म हवा प्रवेश कर रही, जिससे तापमान लगातार बढ़ रहा है। हवा की दिशा में बदलाव होने की संभावना अभी नहीं है, इसलिए गर्मी का कहर अगले पांच दिनों तक जारी रहने के आसार हैं। गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी गर्मी के तेवर में कमी नहीं दिखी। शुक्रवार को माना के बजाए दुर्ग का तापमान 45 डिग्री के समीप दर्ज किया गया और माना-रायपुर का टेंप्रेचर 44 डिग्री से ज्यादा रहा, जिससे यहां ग्रीष्मलहर के थपेड़ों से लोग झुलसते रहे। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है, अधिकतम तापमान में अगले तीन दिनों में दो डिग्री के आसपास वृद्धि होने की संभावना है। बस्तर संभाग में 26 मई से वर्षा का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। मध्य इलाके में इसकी गतिविधि 29 मई से होने के संकेत हैं।

### पत्नी, बेटे की मौत से दुखी सराफा...

उल्लेखनीय है कि प्रवाल के 12 साल के बेटे की पिछले वर्ष संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। बेटे की मौत के कुछ दिनों बाद उसकी मां ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। बेटे तथा पत्नी की मौत के बाद से प्रवाल डिप्रेशन में था। पुलिस को आशंका है कि पत्नी तथा बेटे की मौत का सदमा सहन नहीं कर पाने की वजह से प्रवाल ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली होगी। प्रवाल के खिलाफ उनके ससुराल वालों ने दहेज प्रताड़ना के भी आरोप लगाए थे।

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्रमांक /अ-6/ 2025–2026
रायपुर, दिनांक 21/05/2026
ग्राम-सोनडोंगरी, प.ह.नं.-36, तहसील व जिला रायपुर
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक जसबीर सिंह ओबेरॉय पिता श्री कल्याण सिंह ओबेरॉय निवासी-505 सिविल लाइन्स बैंक बंध चौक के पास रायपुर बिन्द्रानवागढ़ रायपुर (छ.ग.) अनावेदक (1) परमजीत सिंह पिता-जसबीर सिंह निवासी-505 सिविल लाइन्स रायपुर (छ.ग.) (2) गुरूविंदर जीत सिंह पिता-जसबीर सिंह निवासी- 505 सिविल लाइन्स रायपुर (छ.ग.) (3) श्रीमती हरप्रीत कौर पति-श्री दमणजीत सिंह निवासी-505 सिविल लाइन्स रायपुर (छ.ग.) (4) छत्तीसगढ़ शासन तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक का नाम एवं पता उपरोक्त शीर्षक अनुसार है। वसीयत शुदा भूमि ग्राम सोनडोंगरी रिंग रोड नंबर 2, रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 601/2 व 604/1 वसीयत कर्ता स्वर्गीय श्रीमती परविंदर कौर ओबेरॉय के द्वारा इस वसीयत शुदा संपत्ति को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 30/08/1955 के माध्यम से प्रतिवादी क्रमांक 1-3 के साथ संयुक्त रूप से विक्रय कर इस भूमि की स्वत्व की प्राप्ति की। वसीयत कर्ता स्वर्गीय श्रीमती परविंदर कौर ओबेरॉय के द्वारा आवेदक के पक्ष में एक वसीयत नामा, बिना किसी डर, दबाव के, अपनी अंतिम इच्छा व्यक्त करते हुए, आवेदक के पक्ष में वसीयतनामा दिनांक 10/12/2024 का निष्पादन किया। वसीयत कर्ता की मृत्यु दिनांक 29/01/2025 हो जाने के बाद से उक्त वसीयतनामा पूर्णरूप से प्रभावी हो चुका है जिसके परिणाम स्वरूप उक्त वसीयत शुदा संपत्ति का स्वत्व आवेदक को प्राप्त हुआ उक्त वसीयतनामा दिनांक 10/12/2024 के आधार पर ही आवेदक पूर्व भूमि स्वामी एवं वसीयतकर्ता स्वर्गीय श्रीमती परविंदर कौर ओबेरॉय के फौत को दर्ज करते हुए उनका नाम विलोपित कर, वसीयत के आधार पर वसीयतशुदा संपत्ति से संबंधित सभी राजस्व अभिलेखों में आवेदक का नाम दर्ज किये जाने के निवेदन किया है।
अतः मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर आवेदक वारिसान का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 03/06/2026 को होगी। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 03/06/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 21/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
मुहर
नायब तहसीलदार, रायपुर (छ.ग.)

// आम सूचना //
(ग्राम रायपुरखास, प.ह.नं. 62, रा.नि.मं. रायपुर-12-रायपुर, तहसील व, जिला रायपुर छ.ग. स्थित मकान के संबंध में)
सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री मुकेश चंद्राकर पिता श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर, निवासी-एच.नं. 23, लालपुर, गार्डन गरोवेस, लालपुर, रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा विक्रेता श्री राहुल कुमार गोयलानी पिता श्री बद्री नारायण गोयलानी, निवासी-हाउस नं. 2009, नेमीचंद गली-3, गंज पारा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) वालो से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की मकान वाके मौजा-रायपुरखास, प.ह.नं. 62, रा.नि.मं. रायपुर-12-रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नं 127/7 रकबा 0.0250 हे. याने 2500 वर्गफूट भूमि जिस पर मकान निर्मित है को क्रय करने का लिखित सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।अतः उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक इत्यादि को कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मयदस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किये गये दावा आपत्ति शून्य एवं अवैध माना जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।
रायपुर (छ.ग.) दिनांक 22.05.2026
भवदीय
देवेन्द्र कुमार यादव(अधिवक्ता)
पता-आजाद चौक थाना के सामने रायपुर (छ.ग.), मो. 9981145570

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक/202605114900076/अ–27/2025–2026
रायपुर, दिनांक 20/05/2026
ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70
एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रतिमा पुजारी पति ओमप्रकाश पुजारी निवासी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ०ग० भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा-178 के अंतर्गत खाता विभाजन किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में लेख किया है कि ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 रा.नि.मं. रायपुर–11 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 89/2 0.3610 हे. भूमि आवेदिका एवं अनावेदकगण (01) स्नेहलता पुजारी पति स्व. मुकेश पुजारी, अनुभव पुजारी पिता स्व. मुकेश पुजारी, मोहित पुजारी पिता स्व. मुकेश पुजारी, तोरण प्रकाश पुजारी पिता स्व. कृष्णा प्रकाश पुजारी, धर्मेंद्र पुजारी पिता स्व. कृष्णा प्रकाश पुजारी सभी निवासी पुजारी बाड़ा सदर बाजार रायपुर (छ.ग.), रेखा मोहन शर्मा पति मोहन शर्मा निवासी राम मंदिर रोड नेरपरसोपंत यवतमाल जिला यवतमाल महाराष्ट्र, कृष्णा शर्मा पति प्रमोद शर्मा निवासी सी-22 शैलेन्द्र नगर रायपुर (छ. ग.), ज्योती शर्मा पति डॉ. हरिश शर्मा निवासी नेहरू नगर भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.) के संयुक्त नाम पर दर्ज है तथा आवेदक एवं अनावेदकगण की पैतृक संपत्ति है। उक्त भूमि पर आवेदिका एवं अनावेदकगण अपने पूर्वज के स्वर्गवास के उपरांत उनके विधिक वारिसान के रूप में आज दिनांक तक शांतिपूर्वक दाखिल व काबिज हैं। उपरोक्त भूमि का दिनांक 11/08/2025 को समस्त भूमिस्वामी की उपस्थिति में सीमांकन करा लिया गया है। उक्त सीमांकन के दौरान ही समस्त भूमिस्वामी ने अपने कब्जे के संबंध में स्व–हस्ताक्षरित करा दिया जिसके अनुसार समस्त पक्षकार काबिज हैं। उक्त बात का प्रमाण न्यायालय ने दिनांक 24/02/2026 को पारित सीमांकन आदेश में उल्लेखित किया है। उक्त भूमि कृषि होने के साथ आज दिनांक तक अविभाजित है, जिसका भौतिक बटांकन नहीं हुआ है। अतः समस्त पक्षकारों के भोग स्वामित्व एवं हिस्से के अनुणत के आधार पर खाते का बंटवारा किए जाने का निवेदन किया गया है।अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 08/06/2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।आज दिनांक 20/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
मुहर
नायब तहसीलदार रायपुर

# ओपन स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन 25 मई से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य-अवसर परीक्षा अगस्त-सितंबर के लिए 25 मई 2026 से 30 जून 2026 तक आवेदन लिए जाएंगे। सामान्य शुल्क के साथ इस तिथि तक आवेदन अभ्यर्थी भर सकेंगे। तत्पश्चात विलंब शुल्क 500 रुपए के साथ 3 जुलाई 2026 से 8 जुलाई 2026 तक आवेदन दे सकेंगे। ओपन स्कूल की वेबसाइट से प्रवेश के लिए आवेदन डाउनलोड कर उसे नजदीक के अध्ययन केंद्र में जमा कर सकेंगे।




HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पानी समस्या को लेकर कांग्रेस ने किया जोन कमिश्नर का घेराव

**रायपुर।** पानी की समस्या को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम के जोन कमिश्नर का घेराव किया। सुबोध हरितवाल ने बताया कि रायपुर पश्चिम विधानसभा अंतर्गत आने वाले जोन 1 के विभिन्न वार्डों में पानी, सफाई की गंभीर समस्या व्याप्त है, जिससे लोग परेशान है। उन्होंने, जोन कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर 24 घंटे में पानी की आपूर्ति नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

### मेधावी विद्यार्थियों-नन्हे रोजेदारों का सम्मान आज

**रायपुर।** ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा समाज में शिक्षा एवं संस्कार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 23 मई शनिवार शाम 5 बजे से शहीद स्मारक भवन में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष मो. सिराज ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि कार्यक्रम में "शान ए मुस्तकबिल"* के अंतर्गत 8वीं से 12वीं तक के उन मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। साथ ही "नन्हे रोज़ेदार" कार्यक्रम के अंतर्गत 11 वर्ष से कम उम्र के उन बच्चों का सम्मान किया जाएगा।

### आत्मानंद स्कूल में संविदा भर्ती, दावा-आपत्ति 26 से

**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय योजना अंतर्गत रायपुर जिले के विद्यालयों हेतु संविदा भर्ती विज्ञापन 19 फरवरी 2026 के अनुक्रम में विभिन्न शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों के लिए 20 मार्च 2026 तक आवेदन ऑनलाइन माध्यम से मंगाए गए थे। सभी आवेदनों के परीक्षण के बाद पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार की गई है, जिसे वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इस संबंध में 26 मई 2026 से 8 जून 2026 तक अभ्यर्थी दावा-आपत्ति कर सकते हैं। दावा-आपत्ति निराकरण के बाद 1 पद के विरुद्ध 10 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जाएगा।

# हर वार्ड-जोन में ठेला-वाहन में सामान बेचने वालों का होगा पंजीयन-सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के हर वार्ड-जोन क्षेत्र के गली-मोहल्लों, बाजार में लोग फुटपाथ, सड़क पर ठेला और वाहन में विभिन्न प्रकार के सामान, फल, सब्जी बेच रहे हैं। इनमें कई लोग दूसरे राज्यों से भी आए हुए हैं, जिनका सत्यापन और दुकानों का पंजीयन किया जाना जनता की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। महापौर मीनल चौबे ने शहर की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और स्थानीय निवासियों के हितों की रक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन, आरटीओ तथा टाउन प्लानिंग विभाग को इसके लिए सख्त निर्देश दिए हैं। इसके तहत अब फुटपाथ, ठेला-वाहन में सामान बेचने वालों का सत्यापन होगा।

### सर्वे कर तैयार की जाएगी सूची

*महापौर के निर्देश के तहत फुटपाथ, ठेला एवं वाहन में सामान बेचने वाले सभी लोगों का सत्यापन करने के पहले उनकी सूची तैयार की जाएगी। इसके लिए उन्होंने टाउन प्लानिंग विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे राजधानी में अभियान चलाकर रोड व्यवसायियों के संचालकों की सूची तैयार करें। इस रिकॉर्ड में संचालक का पूरा नाम, स्थाई पता से लेकर वैध पहचान पत्र (आधार कार्ड, वोटर आईडी या पैन कार्ड), वर्तमान में वे रायपुर में कहां रह रहे हैं, उसका पूरा ब्योरा। ठेला लगाने का निश्चित स्थान (वेंडिंग जोन) आदि का पूरा रिकार्ड दर्ज करने कहा है।*

### महापौर मीनल चौबे ने सुरक्षा की दृष्टि से दिए निर्देश



### बिना आईडी वालों पर करें कार्रवाई

महापौर ने यह भी निर्देश दिए है कि सर्वे सूची तैयार होने के बाद बिना वैध पहचान पत्र और बिना निगम के रिकॉर्ड के पाए जाने वाले ठेलों को तत्काल जब्त किया जाए। उन्होंने यह भी कि ठेला-गुमटियों के कारण यातायात व्यवस्था बाधित नहीं होनी चाहिए, इसलिए उन्होंने लोगों से अपील की है कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में वे भी निगम का सहयोग करें।

### सर्वे से बाहरी तत्वों पर रहेगी पैनिक नजर

*महापौर ने कहा कि शहर की जनता और स्थानीय छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता है। हमारे शहर के लोग मेहनत कर रोजी-रोटी कमा रहे हैं, उनसे कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन व्यापार की आड़ में शहर में आकर बिना पहचान के रहने वाले 'बाहरी' और संदिग्ध व्यक्तियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा।*

## महंगाई के जमाने में राशि पाने भटक रहे हितग्राही

# इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा-विधवा एवं दिव्यांग पेंशनधारियों की कई महीने की अटकी पेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

वृद्धा, विधवा एवं विकलांगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजना चलाई जा रही है। इन योजनाओं के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगों को मासिक 500 रुपए सहायता राशि के रूप में पेंशन दी जाती है। देखा जाए तो महंगाई के इस जमाने में यह राशि कोई मायने नहीं रखती, लेकिन इसके बाद भी यह छोटी राशि भी पेंशनधारियों को मिल नहीं पा रही है।

रायपुर नगर निगम अंतर्गत इन तीनों योजना के तहत 18 हजार से अधिक पेंशनधारी हितग्राही हैं, लेकिन इन हितग्राहियों को पिछले लगभग 3 से 6 माह से पेंशन की राशि ही नहीं मिल पाई है, जिसके कारण इन हितग्राहियों को पेंशन लेने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने इस मामले में हितग्राहियों की चिंता करते हुए कहा कि राजधानी सहित पूरे प्रदेश में पेंशन योजनाओं का बुरा हाल है। ट्रिपल इंजन की सरकार होने के बावजूद असहाय लोगों को पेंशन के रूप में मिलने वाली छोटी राशि के लिए भी दर-दर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पेंशन क्यों रुकी हुई है, इसका जवाब अधिकारी भी नहीं दे पा रहे हैं।

### अधिकारी ने चुप्पी साधी, महापौर ने कहा-आगामी महीने से सुधरेगी व्यवस्था

*पेंशन क्यों अटकी है इस बारे में जानकारी के लिए समाज कल्याण विभाग के जिला अधिकारी अरविंद गेदाम से मोबाइल पर संपर्क साधा, लेकिन उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया। हालांकि महापौर मीनल चौबे ने यह जरूर कहा कि अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया है कि केंद्र और राज्य सरकार की राशि किसी कारण से एक साथ जारी नहीं हो पा रही है, जिसके कारण हितग्राहियों के खातों में भी आगे-पीछे यह राशि ट्रांसफर हो रही है। हालांकि आगामी महीने से यह दिक्कत दूर हो जाएगी और हर महीने एक साथ पेंशन राशि हितग्राहियों को ट्रांसफर होगी।*

### विकलांग पेंशन में केंद्र का 3 एवं राज्य का 5 माह का भुगतान नहीं

*इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग योजना के तहत कुल पंजीकृत हितग्राहियों की संख्या 674 हैं। इन हितग्राहियों को भी केंद्र ने माह दिसंबर 2025 एवं जनवरी 2026 का 400 रुपए की राशि भुगतान किया है, लेकिन फरवरी, मार्च एवं अप्रैल माह की राशि 600 रुपए तथा राज्य ने पिछले 5 माह का 1500 रुपए का भुगतान नहीं किया है।*



**सामाजिक सुरक्षा, -सुखद सहारा व नवीन मुख्यमंत्री पेंशन धारियों को अप्रैल तक का भुगतान :** प्रदेश में राज्य सरकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन एवं नवीन मुख्यमंत्री पेंशन योजना भी संचालित है। इसके तहत नगर निगम रायपुर अंतर्गत कुल 9442 हितग्राही पंजीकृत हैं, जिन्हें हर महीने पेंशन की राशि दी जाती है। विभागीय जानकारी के अनुसार इन तीनों योजना के तहत सभी हितग्राहियों को अप्रैल 2026 तक पेंशन की राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की वृद्धा, विधवा एवं विकलांग पेंशन योजना में राज्य का 60 प्रतिशत एवं केंद्र का 40 प्रतिशत राज्यांश शामिल है। इस तरह राज्य 300 एवं केंद्र 200 रुपए कुल 500 रुपए पेंशन दिया जाता है।

### वृद्धा पेंशन योजना में केंद्र की 3 एवं राज्य की 5 माह की नहीं मिली पेंशन

एनएसएपी पोर्टल में योजनाओं से संबंधित दी गई ऑनलाइन जानकारी के अनुसार इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के तहत जिले में 10938 हितग्राही पंजीकृत हैं। इन हितग्राहियों को दिसंबर 2025 एवं जनवरी 2026 माह में सिर्फ 400 हितग्राहियों को ही पेंशन का भुगतान हुआ है, वहीं फरवरी, मार्च एवं अप्रैल का 600 रुपए तथा राज्य का 5 माह का 1500 रुपए का भुगतान नहीं हुआ है।

### विधवा पेंशन में केंद्र का 3 एवं राज्य का 6 माह का भुगतान नहीं

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत भी 6677 हितग्राही पंजीकृत हैं, जिन्हें मासिक पेंशन दी जा रही है, लेकिन आंकड़ों के अनुसार नवंबर, दिसंबर 2025 एवं जनवरी 2026 में 3 माह का 600 हितग्राहियों को ही भुगतान हुआ है। वहीं केंद्र का 3 माह का 600 रुपए तथा राज्य का 6 माह का 1800 रुपए का भुगतान नहीं हुआ है।

## बैज बोले- बाबा बड़े नेता, दिल्ली जाना चाहिए

# टीएस बोले- मैं आज भी युवा प्रदेश में ही काम करना है





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को सलाह देते हुए कहा, वे बड़े नेता हैं, उन्हें दिल्ली जाकर काम करना चाहिए। प्रदेश में युवाओं को मौका देना चाहिए। यह बात उन्होंने उस संदर्भ में कही, जिसमें टीएस सिंहदेव ने प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी उठाने की बात कुछ समय पहले कही थी। दीपक बैज के बयान पर टीएस सिंहदेव ने कहा, प्रदेश अध्यक्ष युवाओं को मौका देने की बात कह रहे हैं, मैं आज भी युवा हूं। मैं अपने प्रदेश में ही काम करना चाहता हूं। वे भी चुनाव हारे हैं, मैं भी हारा हूं। यह समय संगठन को मजबूत करने का है।

दीपक बैज ने रायपुर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा, टीएस सिंहदेव कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य रह चुके हैं और तमिलनाडु और पुडुचेरी जैसे राज्यों के प्रभारी की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। पार्टी जहां भी जिम्मेदारी देती है, सिंहदेव वहां जाकर काम करते हैं। ऐसे में उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिएऔर दिल्ली जाकर काम करना चाहिए।

### टीएस बोले-संगठन को मजबूत करना पहली प्राथमिकता

*दीपक बैज के बयान पर टीएस सिंहदेव ने साफ कहा, वे अपने विधानसभा क्षेत्र और पूरे प्रदेश में काम करना चाहते हैं। उन्होंने बताया, वे लगातार प्रदेशभर में लोगों से मुलाकात कर रहे हैं और इसकी जानकारी पार्टी नेतृत्व को भी है। श्री सिंहदेव ने कहा कि बैज युवा नेता हैं और भविष्य में मुख्यमंत्री भी बन सकते हैं। लेकिन अगर बड़े नेताओं की बात हो रही है तो यह भी देखना चाहिए कि कौन चुनाव जीता और कौन हारा। उन्होंने कहा कि मैं खुद चुनाव हारा हूं। बैज भी चुनाव हार चुके हैं, अपने जिले की सीटें भी कांग्रेस नहीं बचा पाई और लोकसभा चुनाव में भी हार मिली। प्रदेश में कांग्रेस सरकार भी फिर से नहीं बनी। श्री सिंहदेव ने कहा, हर कांग्रेसी की पहली जिम्मेदारी अपने कार्यक्षेत्र में संगठन और लोगों को मजबूत करना है।*

### बैज बोले- स्मार्ट मीटर वापस लेने की मांग पर प्रदेश में करेंगे जन आंदोलन

**रायपुर ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, स्मार्ट मीटर के कारण बिजली की खपत से ज्यादा रीडिंग आ रही है। जनता परेशान है। इस माह लोगों का बिल तीन गुना तक बढ़कर आया है। उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश से स्मार्ट मीटर वापस लिया है। स्मार्ट मीटर वापस लेने की मांग को लेकर कांग्रेस पूरे प्रदेश में जन आंदोलन करेगी। श्री बैज ने कहा, प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद जनता को पूरे 24 घंटे बिजली नहीं मिल रही है। पूरे प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती हो रही है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिए बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटों बिजली गुल हो जाती है। श्री बैज ने कहा, पूरे प्रदेश में पेयजल का भीषण संकट भी चल रहा है। जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल पहुंचाने का कार्य पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में हुआ था लेकिन सरकार बदलते ही पेयजल परियोजनाओं पर ग्रहण लग गया।






# भीषण गर्मी में बार-बार बिजली गुल और अघोषित कटौती पर कांग्रेस ने घेरा पॉवर कंपनी मुख्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी में बार-बार बिजली गुल होने और अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज, एक फेस गोल, ट्रांसफार्मर फेल, महंगी बिजली बिल को लेकर रायपुर डगनिया के छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी के मुख्यालय का शुक्रवार को पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में घेराव किया गया। कांग्रेसियों ने यहां पर जमकर प्रदर्शन किया। श्री उपाध्याय ने बताया, राजधानी सहित प्रदेश में लगातार छात्र, व्यापारी, किसान तथा घर की महिलाएं बिजली विभाग के इस रवैये से त्रस्त हो चुके हैं। गर्मी के समय में अधिकांश महिलाएं एवं बच्चे घर में रहते हैं लेकिन बिजली कटौती से उनका जीना दुश्वार हो गया है। छात्रों को बिजली गुल होने के कारण अपनी पढ़ाई पूरी करने में दिक्कतें आ रही है। जो उद्योग और व्यापार बिजली से चलता है वो लोग भी त्रस्त हो चुके हैं, लेकिन शासन की तरफ से किसी भी प्रकार की ठोस पहल नहीं की जा रही है। स्मार्ट मीटर लगाकर महंगी बिजली दर करने का काम इस सरकार ने किया है जबकि छत्तीसगढ़ प्रदेश शुरूआत से ही सरप्लस बिजली वाला प्रदेश रहा है। उन्होंने कहा, लो केटेगिरी का ट्रांसफर लगाने वाले ठेकेदारों के ऊपर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि ठेकेदार और अधिकारी की मिलीभगत से बिजली विभाग चल रहा है, जिसका खामियाजा जनता भुगत रही है।

### सुविधाएं देने में पीछे है

*बिजली बिल नहीं पटाने की स्थिति में दूसरे दिन ही बिजली काटने का काम पूरी मुश्तैदी से बिजली विभाग करता है लेकिन जहां सुविधा देने की बात आती है, विभाग उसके लिए कुछ नहीं करता है। श्री उपाध्याय ने कहा, लगातार बिजली विभाग द्वारा मिल रही समस्याओं का निराकरण अतिशीघ्र नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी। पहले बिजली विभाग का घेराव किया जाएगा इसके बाद अधिकारियों ऊर्जा सचिव और मुख्यमंत्री निवास का घेराव भी किया जाएगा। आंदोलन में प्रकाश जगत, मनीराम साहू, अन्नूराम साहू, सतनाम पनाग, अशोक ठाकुर, मनीष शर्मा, नट्टू भिंसरा, रवि प्रधान, सौमित्र मिश्रा, दिनेश तिवारी, हरिश साहू, शशिकांत साहू, बिट्टू पाण्डेय, बृजभूषण शुक्ला, मन्नू वाजपेयी सहित काफी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*






# आनंद कुदरिया को नंदनवन जू का मिला अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ रेंजर हिमांचल साहू रायपुर वनमंडल अटैच

नंदनवन पक्षी विहार में आर्थिक गड़बड़ी की हरिभूमि में प्रमुखता के साथ पिछले सप्ताह रविवार को खबर प्रकाशित होने के बाद रायपुर वनमंडल कार्यालय ने बड़ा प्रशासनिक बदलाव करते हुए नंदनवन के सहायक वन संरक्षक को हटाने का आदेश जारी किया है। इसके साथ ही नंदनवन पक्षी विहार के रेंजर को वनमंडल कार्यालय अटैच किया गया है।

जारी आदेश के मुताबिक नंदनवन पक्षी विहार के प्रभारी एसडीओ आरपी दुबे की जगह रायपुर वनमंडल के अधीक्षक आनंद कुदरिया को नंदनवन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी तरह नंदनवन पक्षी विहार के रेंजर हिमांचल साहू को कार्य आयोजन वन मंडल रायपुर में लाइन अटैच किया गया है। आरोपों की जांच के लिए प्रभारी डीएफओ मयंक पाण्डेय ने एसआईटी गठित की है। एसआईटी की रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। हिमांचल ने अपने एसडीओ के खिलाफ वसूली करने का आरोप लगाया था। आरोप की कॉपी मीडिया में वायरल होने के बाद अफसरों ने कार्रवाई करते हुए एसडीओ तथा रेंजर को हटाने का आदेश जारी किया।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 23 मई 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



कछुए की जलक्रीड़ा देखने से मिलती ....


कृषि महाविद्यालय रायपुर ने अपना 66वां स्थापना दिवस सेलिब्रेट किया। इस अवसर पर शुक्रवार को महाविद्यालय के कृषक सभागार में दोपहर 2 बजे भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के प्रथम बैच से लेकर वर्तमान बैच के स्टूडेंट्स व प्रोफेसर बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

### कृषि महाविद्यालय के 66वें स्थापना दिवस पर छात्र-छात्राओं ने नृत्य से बांधा समां

# कृषि महाविद्यालय की पहली छात्रा, जिन्हें प्रबंधन ने कहा था अकेली लड़की को प्रवेश नहीं देंगे,अब वही 7 जिलों की अफसर





**रायपुर।** 1988 बैच की बीएससी एग्रीकल्चर की विद्यार्थी और कृषि महाविद्यालय की पहली छात्रा गोपिका गबेल ने हरिभूमि से महाविद्यालय में अपने छात्र जीवनकाल के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि वे जब प्री-एग्रीकल्चर एग्जाम में सलेक्ट होकर एडमिशन लेने कॉलेज पहुंचीं तो एकमात्र छात्रा स्टूडेंट होने के कारण प्रबंधन द्वारा एडमिशन नहीं देने की बात कही गई और अपना एडमिशन जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में कराने की सलाह दी गई। महाविद्यालय प्रबंधन ने एक छात्रा के लिए रहने व पढ़ाई, सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने की कारणों को वजह बताया, लेकिन मैंने जिद ठान ली और प्रबंधन से कहा कि मैं स्वयं की रिस्क पर इसी महाविद्यालय में पढ़ाई करूंगी। मेरे आत्मविश्वास और जिद को देखकर आखिरकार प्रबंधन ने मुझे एडमिशन दिया और बीएससी एग्रीकल्चर में पासआउट होकर मैं उस समय के मध्यप्रदेश शासन में एमपी वुमन इन एग्रीकल्चर प्रोजेक्ट की डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर के पद पर पदस्थ होकर जबलपुर, कटनी, सिहोर में कार्य किया। इसके बाद 2000 में पीएससी के थ्रू छत्तीसगढ़ राज्य में कृषि विभाग में ज्वाइंट डायरेक्टर पद पर पोस्टिंग मिली। आज मैं दुर्ग संभाग के अंतर्गत 7 जिलों में ज्वाइंट डायरेक्टर एग्रीकल्चर के रूप में कार्य कर रही हूं।



### छात्र के रूप में शुरू किया और यहीं से सेवानिवृत्त हुआ



कॉलेज के 1961 बैच के स्टूडेंट डॉ. एनवी साहू ने बताया कि कृषि महाविद्यालय में एक छात्र के रूप में सफर की शुरुआत की थी और यहीं पर एसोसिएट रिसर्चर के पद पर कार्य करते हुए रिटायर्ड हुआ हूं। आज मेरी उम्र 84 वर्ष है, ऐसे में इस कृषि महाविद्यालय के 66वें स्थापना दिवस का साक्षी बनकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।





### स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समां



परवाह नाम से आयोजित इस स्थापना व वार्षिक समारोह में कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। डांस, ड्रामा, संगीत से विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की प्रतिभा, सृजनशीलता और सांस्कृतिक समृद्धि को रूपांकित किया। इसमें पीएचडी की स्टूडेंट बिंदिया महंत ने सेमी क्लासिकल डांस, बीएससी 3 ईयर की छात्रा अनन्या मल्ला ने ओडिशी डांस से मंत्रमुग्ध किया।

### तीन कमरे के कवर्धा बाड़ा से शुरू हुआ कॉलेज



कृषि महाविद्यालय के 1961 पहली बैच के स्टूडेंट डॉ. एमआरएच सिद्धिकी ने अपने कॉलेज के दिनों के अनुभव साझा करते हुए बताया कि वह जब पढ़ाई करने कॉलेज में पहले बैच में प्रवेश लिया, तब कटोरा तालाब कवर्धा बाड़ा में तीन कमरों की भवन में इसकी शुरुआत हुई थी। वहां से लभांडी फार्म में प्रयोग करने आते थे और हॉस्टल खम्हारडीह में हुआ करता था, पर आज सर्वसुविधायुक्त और यहीं पर कृषि विश्वविद्यालय भी बन गया, जो कृषि की शिक्षा लेने वालों के लिए एक उपलब्धि है।

### पूर्व स्टूडेंट्स व रिटायर्ट स्टॉफ का सम्मान

समारोह के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने नवगठित छात्रसंघ के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। वहीं महाविद्यालय के सात पूर्व अधिष्ठाताओं, प्रथम बैच में शिक्षा प्राप्त करने वाले भूतपूर्व विद्यार्थियों तथा महाविद्यालय से ही सेवानिवृत्त प्राध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के पूर्व छात्रों में अनिल कुशवाहा, सुरेश चंद्रवंशी, केआर बढ़ई, धर्मेंद्र साहू, विकास मिश्रा, अश्वनी बंजारा सहित पूर्व विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## सिटी इवेंट

# ऑफलाइन कैंप में प्रतिभागियों ने गेम्स खेलते उठाया लुत्फ



**रायपुर।** मौज-मस्ती, रोचक गेम्स और खेलकूद की बात हो तो हर उम्र के लोगों में उत्साह होता है, लेकिन बात बच्चों की आ जाए तो उनमें बड़ों की तुलना में कहीं अधिक उत्साह देखा जाता है। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति 1 मई से ऑनलाइन और ऑफलाइन बाल संस्कार शिविर का संचालन कर रही है। शिविर के 19वें दिन शुक्रवार को ऑफलाइन शिविर में रोचक गेम्स, म्यूजिकल चेयर और फायरलेस कुकिंग को बच्चों ने खूब एंजॉय किया। आस्था काले ने बताया कि पहले संध्या खंगन ने बच्चों का तिलक लगाकर शिविर में स्वागत किया। इसके बाद संध्या और मंजूषा वैशंपायन ने बच्चों को हनुमान चालीसा और रामरक्षा स्त्रोत का पाठ कराया। कैंप में आने वाले कई बच्चे ऑनलाइन शिविर में भी भाग लेते हैं, इसलिए बच्चों को हनुमान चालीसा कंठस्थ हो गया है। सभासद रचना ठेंगड़ी ने इस सप्ताह बच्चों के लिए रोचक गेम कराए। उन्होंने एक शीट पर साइंस, इमोजी, स्पेशल आसान सिंबल ड्रा किया था।

### फायरलेस कुकिंग सेगमेंट में बच्चों ने दिखाया उत्साह

बच्चों को दो ग्रुप में बांटकर एक-एक ग्रुप के एक-एक सदस्य को अपनी शीट दिखाई। फिर बच्चों को उन सिंबल को बोर्ड पर बनाना था। बच्चों ने इस खेल में उत्सुकता दिखाया। कुछ बच्चे सिंबल भूल जाते, तो फिर वापस उसे देखकर आते। इस लम्हें को बच्चों ने खूब एंजाय किया। इसके बाद म्यूजिकल चेयर गेम का आनंद लिया। इसमें अलग-अलग राउंड में बच्चों को कभी स्टैचू बनकर, कभी रिवर्स में, कभी आंख बंद करके तो कभी डांस करते हुए चेयर के चारों ओर दौड़ लगाना था। इस खेल में आरव जोशी विजेता रहे। अंत में फायरलेस कुकिंग सेगमेंट में खाने से पहले बच्चों को सभासद चारुशीला देव ने भोजन मंत्र कराया और उसका अर्थ समझाया। फिर सभासद अक्षता पंडित ने फायरलेस कुकिंग के तहत बच्चों को पानीपुरी का मसाला बनाना सिखाया। बच्चों ने पानीपुरी खुद बनाकर उसका लुत्फ उठाया।



# एनआईटी में एआई साइबर सिक्योरिटी पर 22 जून से अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला

**रायपुर।** एनआईटी में पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 22 से 26 जून तक संस्थान के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया है। यह कार्यशाला ब्रेकिंग एंड सेक्योरिंग एआईः एडवर्शियल अटैक्स, डीपफेक्स एंड हेल्थकेयर सिस्टम्स विषय पर स्पार्क परियोजना शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत आयोजित हो रहा है। इस कार्यशाला में दो प्रतिष्ठित विदेशी विशेषज्ञ डॉ. जाहिद अख्तर और डॉ. अरिजीत कराती विभिन्न तकनीकी सत्रों का संचालन करेंगे। कार्यशाला में भाग लेने के लिए प्रतिभागी 20 जून तक पंजीयन करा सकते हैं। यह कार्यशाला विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञों के साथ संवाद करने तथा आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस साइबर सिक्योरिटी डीपफेक डिटेक्शन और हेल्थकेयर सिस्टम्स जैसे उभरते शोध क्षेत्रों की वैश्विक प्रवृत्तियों को समझने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगी। प्रतिभागियों को एआई सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में आधुनिक तकनीकों, वर्तमान चुनौतियों तथा नवाचारों के बारे में गहन जानकारी प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त, यह कार्यशाला विभिन्न देशों के शोधकर्ताओं एवं संस्थानों के बीच संयुक्त शोध गतिविधियों, ज्ञान आदान-प्रदान, भविष्य के प्रकाशनों तथा सहयोगात्मक परियोजनाओं को बढ़ावा देकर अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक एवं शोध सहयोग को सुदृढ़ करेगी। कार्यशाला का समन्वयन डॉ. प्रीति चंद्राकर एवं डॉ. नरेश कुमार नागवानी द्वारा किया जा रहा है।



दुनियाभर के विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञों की संयुक्त शोध गतिविधियों का आयोजन

# आज सेव वाटर-सेव लाइफ थीम पर छात्र दिखाएंगे अपनी कला का हुनर

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में युवाओं की रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता को एक साथ मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एक विशेष आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय द्वारा 'सेव वाटर, सेव लाइफ' यानी जल संरक्षण ही जीवन है, विषय पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों को जलसंकट जैसी गंभीर वैश्विक समस्या के प्रति संवेदनशील बनाना और कला के माध्यम से पानी बचाने का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दीपिका अवधिया ने बताया कि यह प्रतियोगिता 23 मई 2026 को महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक जी-8 में सुबह 10 बजे से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस आयोजन के लिए महाविद्यालय प्रशासन ने आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार, हिस्सा लेने वाले छात्र-छात्राओं को अपना ड्राइंग बोर्ड और आवश्यक कलर किट जैसे ब्रश, पेंसिल और रंग स्वयं लाने होंगे, जबकि ड्राइंग शीट महाविद्यालय द्वारा कार्यक्रम स्थल पर ही उपलब्ध कराई जाएगी। प्रतियोगिता के लिए यह अनिवार्य है कि पोस्टर पूरी तरह से मौलिक हो और विषय पर आधारित हो। कॉलेज प्रबंधन का मानना है कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्रों के व्यक्तित्व में निखार आता है और वे सामाजिक विषयों के प्रति अधिक जागरूक होते हैं। प्रतियोगिता के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को महाविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### यूनिसेफ और भारत स्काउट एवं गाइड के संयुक्त तत्वावधान में स्कूलों में लगाया जा रहा शिविर

# पीरियड के दौरान खाना नहीं बनाना पुरानी सोच महिलाओं के साथ पुरुषों को जागरूक करना जरूरी

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** यूनिसेफ और भारत स्काउट एंड गाइड के संयुक्त तत्वावधान में जिला मुख्यालय में तारुण्य वार्ता अभियान के अंतर्गत पीरियड पर खुलकर बात शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान सरकारी स्कूलों से आए युवाओं में अब शर्म नहीं जागरुकता, अब चुप्पी नहीं संवाद और एमएचएम पर फोकस जानकारी दी जा रही है। मुख्य रूप से किशोरियों में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन को लेकर जागरूकता बढ़ाने और समाज में फैली झिझक व भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से तारुण्य वार्ता- पीरियड्स पर खुलकर, अभियान चलाया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला संगठन आयुक्तों और एडल्ट लीडर्स ने भी भाग लिया। मुख्य वक्ता ने कहा कि मासिक धर्म जैसे विषय पर चुप्पी नहीं, बल्कि खुला संवाद और जागरूकता जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक किशोरी को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक माहवारी प्रबंधन का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने इस अभियान को सामाजिक सोच में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। यूनिसेफ के विशेषज्ञों द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता, व्यवहार परिवर्तन और किशोर स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माहवारी को लेकर समाज में मौजूद मिथकों और अनावश्यक पाबंदियों को खत्म करना समय की जरूरत है। साथ ही उन्होंने स्कूलों में आयोजित होने वाले पीटीएम के माध्यम से अभिभावकों तक भी इस विषय की जानकारी पहुंचाने की बात कही।



### महिलाओं के अलावा इस बारे में पुरुषों को भी जानना आवश्यक

मुख्य वक्ता ने कहा कि इस बारे में केवल महिलाओं को जानकारी होना आवश्यक नहीं है, पुरुषों को भी अवगत होना चाहिए। अगर दर्द बहुत है तो रेस्ट लेना कमजोरी नहीं है। कई कंपनियों में अब पीरियड लीव पॉलिसी है। पीरियड में अचार खराब नहीं होता, मंदिर जाना मना नहीं है, खाना बनाना मना नहीं है। ये सब पुरानी सोच है। पीरियड सिर्फ लड़कियों का मुद्दा नहीं है। भाई, दोस्त, पति को भी बेसिक जानकारी होनी चाहिए ताकि वो सपोर्ट कर सकें। इसे लेकर हर किसी को जागरूक किया जाना चाहिए, ताकि महिलाओं और युवतियों को किसी प्रकार की झिझक न रहे।

### 28 मई तक चलेगा अभियान स्कूलों में दी जा रही जानकारी

अभियान का समापन 28 मई को होगा। यह मुहिम जिले के गांव-गांव तक पहुंचाई जाएगी। इस दौरान मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन का सामूहिक संकल्प भी दिलाया जा रहा है। भारत स्काउट गाइड की प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता बोहरा ने कहा कि यह अभियान केवल स्वास्थ्य जागरूकता तक सीमित नहीं है, बल्कि लड़कियों की गरिमा, समानता और सशक्तिकरण से भी जुड़ा हुआ है। पीरियड नॉर्मल है, बीमारी नहीं है। हर महीने 11-50 साल की लगभग 50% आबादी को पीरियड आता है। ये शरीर का नेचुरल प्रोसेस है, गंदा या अशुद्ध नहीं। हर किसी को दर्द नहीं होता, लेकिन होता है तो नॉर्मल है। गर्म पानी की बोतल, हल्की एक्सरसाइज, और जरूरत लगे तो डॉक्टर की सलाह लो। हर 4-6 घंटे में पैड/टैम्पोन/मेंस्ट्रुअल कप बदलना जरूरी है। इंफेक्शन से बचने के लिए यही सबसे बड़ा कदम है।

सिटी लाइव

## आयुष विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 5 जून को



**रायपुर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय नवा रायपुर का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 5 जून को पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृत्ति चिकित्सा महाविद्यालय सभागार में सुबह 11 बजे से होगा। इस दीक्षांत समारोह में जनवरी 2024 से दिसंबर 2025 तक बैच के स्टूडेंट्स को उपाधि प्रदान की जाएगी। वर्ष 2024-25 की परीक्षा में विभिन्न कक्षाओं में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त एवं दानदाताओं के नाम से स्थापित स्वर्ण पदक के लिए चयनित छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदकों से भी अलंकृत किया जाएगा। दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त कराने वाले स्टूडेंट्स को निर्धारित आवेदन-पत्र पर विश्वविद्यालय में 29 मई तक सूचना देनी होगी। वहीं दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास 4 जून को सुबह 11 बजे पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृत्ति चिकित्सा महाविद्यालय सभागार में किया जाएगा।

समाज लाइव

## छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे राज्यपाल



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में छत्रपति शिवाजी महाराज की सिंहासन पर आसीन प्रतिमा का अनावरण राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। इस अवसर पर संत ज्ञानेश्वर सभागृह के कुमुदिनी वरवंडकर रंगमंच पर करीब 75 मिनट के हिंदी नाटक 'शिव शौर्य' का मंचन किया जाएगा। साथ ही शिवाजी महाराज से संबंधित विविध प्रस्तुतियां होंगी। 6 जून को शाम 6.30 बजे समारोह में राज्यपाल रमेन डेका मागदर्शन देंगे। इसके लिए उन्हें आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अजय काले ने बताया कि शुक्रवार को उन्हें छत्रपति शिवाजी महाराज राज्याभिषेक दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। राज्यपाल ने महाराष्ट्र मंडल के प्रतिनिधिमंडल के इस निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए सहमति दी। इस अवसर पर उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा उपस्थित थे।

### रंग साधक मंच पर देंगे विविध प्रस्तुतियां, तैयारी शुरू

उपाध्यक्ष गीता दलाल ने बताया कि इस मौके पर अभिषेक बक्षी निर्देशित हिंदी नाटक 'शिव शौर्य' का मंचन प्रस्तावित है। इसमें 25 से अधिक कलाकार इस नाट्य मंचन के बाद श्रावणी मुकादम शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व व जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी। इसमें शिवाजी महाराज की मां जिजाऊ बाई के आत्मचिंतन पर वरिष्ठ रंगसाधक अपर्णा कालेले का अभिनय देखने को मिलेगा। समारोह के अध्यक्षीय संबोधन में मंडल अध्यक्ष अजय काले देंगे। समारोह को भव्य स्वरूप देने के लिए अभी से विविध समितियों के गठन की प्रक्रिया के साथ तैयारी भी शुरू हो गई हैं। लोकभवन में राज्यपाल से मिलने वालों में सचिव चेतन दंडवते, मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन, महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले और सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी शामिल हुए।

सिटी लाइव

## पार्किंसंस से पीड़ित रोगी का इलाज संभव, लक्षण की पहचान जरूरी



**रायपुर।** पार्किंसंस रोग से पीड़ित लोगों को उपचार मिले, इससे पहले इस रोग के लक्षण पहचानना जरूरी है। द्विपक्षीय क्षमता से मस्तिष्क के दोनों पक्षों का इलाज किया जा सकता है। यह उन रोगियों के लिए फायदेमंद है, जिनके दोनों अंगों के हिस्से प्रभावित हैं। समायोज्यता डीबीएस प्रोग्राम करने योग्य है। डॉक्टर समय के साथ लक्षण बदलने पर उपचार में सूक्ष्म बदलाव भी कर सकते हैं। प्रतिदर्ती होने पर डाक्टर डीबीएस के प्रभावों को बदल या बंद कर सकते हैं। मस्तिष्क की क्रिया प्रभावित होने से कंपन, धीमापन, अकड़न और मोटर उतार-चढ़ाव को प्रबंधित करता है। अपरिवर्तनीयता से जब मस्तिष्क में यह घाव बना देता है तो इसे सुधारा जा सकता।

### उपचार के बारे में जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोगों और स्वास्थ्य सेवा देने वालों को शिक्षित करना पड़ता है। यशोदा हास्पिटल में पार्किंसंस रोग से पीड़ित लोगों को उपचार मिले, इसके लिए पहल की जा रही है। डीबीएस पार्किंसंस के रोगियों के जीवन में काफी सुधार कर सकता है, जो उन्हें न केवल लक्षणों से राहत देता है, बल्कि स्वतंत्रता, गरिमा और जीवन की बेहतर गुणवता भी प्रदान करता है। डॉ. रूपम ने बताया कि इस बीमारी और उपलब्ध उपचारों के बारे में जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है। चाहे दवा के माध्यम से हो, सर्जरी के माध्यम से हो, या 005 जेसीबीके से ही सही देखभाल के साथ पार्किंसंस रोग से पीड़ित व्यक्ति बेहतर और संतोषजनक जीवन जी सकते है।

● विश्व कछुआ दिवस आज, रावांभाठा बंजारी धाम सहित सास-बहू तालाब में आटे की लोई डालकर पुण्य प्राप्त करते हैं भक्त

# कछुए की जलक्रीड़ा देखने से मिलती है सकारात्मक ऊर्जा, कई आस्था केंद्र इसके प्रतीक, सरोना शिव मंदिर में उमड़ती है भीड़

'रावांभाठा स्थित बंजारी धाम में भगवान विष्णु क्षीरसागर में शयन मुद्रा में आकर्षण का केंद्र हैं। पानी में 4 से 6 कछुए जलक्रीड़ा करते हैं। इसे देखते हुए कुछ लोग फूल डालते हैं तो कुछ लोग घर से बनाकर लाई गई आटे की लोई डालते हैं। कुछ इसी तरह का नजारा सरोना स्थित सास-बहू तालाब में सुबह-शाम देखने को मिलता है। यहां कछुओं की भरमार है, इसलिए लोग किनारे में बैठकर उनकी जलक्रीड़ा निहारने के लिए पहुंचते हैं। जहां शिव मंदिर होने से आस्था के साथ मनोहारी जलक्रीड़ा देखने का अवसर मिलता है।'





**रायपुर।** देश-दुनिया में हर साल 23 मई को विश्व कछुआ दिवस मनाया जाता है, ताकि कछुओं के संरक्षण और उनके लुप्त होते आवासों के बारे में लोगों को सचेत किया जा सके। इस दायित्व को सरोना का ठाकुर परिवार बखूबी निभा रहा है। ठाकुर परिवार के लोगों ने बताया कि 150 साल पहले पंचमुखी शिव मंदिर और तालाब का निर्माण गुलाब सिंह ठाकुर ने कराया था। उन्होंने बताया कि यह शहर का इकलौता तालाब है, जहां लोग कछुओं की जलक्रीड़ा भी देखने के लिए आते हैं। यह ऐसा तालाब है, जो आपस में जुड़ा है। दोनों ही तालाबों के बीच शिवजी का मंदिर होने से लोग सुबह-शाम दर्शन के लिए आते हैं और कछुओं तथा मछलियों को देखते हैं। पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि हिंदू धर्म और वास्तु शास्त्र में कछुए को शुभ और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। इसे धन, सौभाग्य, लंबी आयु और स्थिरता से जोड़कर देखा जाता है। कछुए से जुड़ी कई धार्मिक और आध्यात्मिक मान्यताएं भी हैं।

### कछुए की सेवा से जुड़ी है यह धार्मिक मान्यता



उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के तहत कछुआ भगवान विष्णु का ही एक रूप (कूर्म अवतार) है। समुद्र मंथन के दौरान मंदार पर्वत को अपनी पीठ पर थामने के लिए भगवान विष्णु ने कच्छप रूप धारण किया था, इसलिए इसे साक्षात नारायण का सूचक माना जाता है। कछुआ भगवान विष्णु का प्रिय है, इसलिए जहां कछुआ होता है, वहां देवी लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। इसलिए लोग सकारात्मक ऊर्जा और घर में धन-धान्य की वृद्धि के लिए अलग-अलग धातु से निर्मित कछुए को पानी से भरे पात्र में रखते हैं। लोग कछुए की सेवा के माध्यम से माता लक्ष्मी का आशीष लेने के लिए सपरिवार आटे की लोई साथ में लेकर पहुंचते हैं।

### इस तालाब में मछली पकड़ने नहीं डालते जाल

सरोना शिव मंदिर के पुरोहित शंकर पुरी ने बताया कि इस तालाब में मछली निकालने के लिए कभी जाल नहीं डालते हैं। तालाब में छोटे-बड़े कछुओं की भरमार है। उनको बाजार में बिकने वाला चारा नहीं डालते। आटे को गूंथने के बाद उसके छोटे-छोटे टुकड़े, बिस्किट और मुर्रा डालते हैं। इसे खाने के लिए जब कछुए आते हैं तो लोग उनकी हलचल को तालाब का पानी साफ होने से स्पष्ट देख पाते हैं। मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए आने वाले श्रद्धालु दोनों ही तालाबों के किनारे बैठकर निहारते हैं। इसके लिए बहुत ज्यादा भीड़ जैसी स्थिति नहीं बनती, लेकिन लोग कछुए की सेवा करने के लिए समय मिलने पर सपरिवार आते हैं।

### बंजारी मंदिर में 6 से अधिक कछुए की सेवा

रावांभाठा स्थिति श्री बंजारी माता धाम के प्रमुख हरीश भाई जोशी ने बताया कि भगवान की मनमोहक मुद्रा दर्शन के लिए आने वाले लोग वहां कछुए को जलक्रीड़ा करते हुए देखकर भाव के साथ फूल भी डाल देते हैं। इससे पानी दूषित होने पर सफाई कराते हैं। कछुए को बाजार में बिकने वाले चारा नहीं देते। भक्त मुर्रा, आटे के छोटे टुकड़े डालते हैं। धार्मिक प्रसंगों के अनुसार ऐसा करने से माता लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है, इससे घर-परिवार में खुशहाली आती है।

### कछुए को गोद लेने की पहल भी बंद

महोबा बाजार निवासी संतोष साहू ने बताया कि 2016 में फॉरेस्ट विभाग के उच्च अधिकारी से आग्रह करके कछुए को गोद लेने का प्रयोग किया था। मैंने पहले क्रम में पांच कछुए गोद लिए थे। तब करीब 3200 रुपए जमा कराए गए थे। इसके बाद कोई भी कछुए गोद लेने के लिए आगे नहीं आया, इसके चलते पहल भी बंद हो गई। जब कछुओं को जंगल सफारी शिफ्ट करने से पहले जानकारी दी गई थी। नंदनवन में कछुए को गोद लेने पर बनवाए गए प्रतीक बोर्ड के साथ तस्वीर भी बनवाई गई थी।

## घरों के टैरेस-बालकनी गार्डन से 5-10 प्रतिशत टेम्प्रेचर डाउन, तपती गर्मी में ठंडक का एहसास

**रायपुर।** गर्मी के मौसम में अधिक तापमान से राहत पाने लोग तरह-तरह के जतन करते हैं। इसके लिए शहरवासी घर से लेकर स्वयं को तपिश से बचाने पर्यावरणविदों, इंटीरियर डिजाइनर्स, डायटिशियन, वेटनरी विशेषज्ञ, बागवानी विशेषज्ञों से उपाय जानने में जुट गए हैं, ताकि मई-जून की तेज धूप व तापमान से सुकून पा सकें। हरिभूमि ने शहर के ऐसे ही लोगों व विशेषज्ञों से बातचीत की, जिन्होंने गर्मी में तेज तापमान से राहत पाने के उपाय किए हैं और परामर्श बताए हैं। इनमें शहर के जाने-माने पर्यावरणविद मोहन वर्ल्यानी हैं, जिनका कहना है कि घरों में टैरेस व बालकनी गार्डन में गर्मी के दिनों में तापमान को 5 से 10 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। वहीं शहर की हरियाली दीदी पुष्पा साहू का कहना है कि उन्होंने अपने घर में बालकनी व टैरेस गार्डन विकसित किया है। इससे उनके घर का तापमान इस तपती गर्मी में भी कंट्रोल में है और पूरा समय ठंडक का एहसास हो रहा है। टेरिस व बालकनी गार्डन में उन्होंने आउटडोर व इंडोर पौधों को रोपे हैं, जिससे गर्मी के तेज तापमान से हरा-भरा पौधे बचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोसायटी के लोगों को अगर गर्मी से राहत पानी है तो प्रकृति का संरक्षण करने आगे आना होगा। इसके लिए घरों पर बालकनी व टैरेस गार्डन विकसित करना प्रकृति, सेहत दोनों के लिए बड़ा फायदेमंद है।



### पौधे, पर्दे का उपयोग और छत पर कोटिंग से तापमान कंट्रोल करें



इंटीरियर डिजाइनर मनोज शर्मा का कहना है कि गर्मी में घर को ठंडा रखने के लिए दिन में खिड़कियां-दरवाजे बंद रखें और पर्दे खासकर सफेद या हल्के रंग के इस्तेमाल करें। सुबह-शाम वेंटिलेशन के लिए खिड़कियां खोलें। छत पर सफेद पेंट रिफ्लेक्टिव कोटिंग कराएं, घर में पौधे रखें और एयर कंडीशनर को 24-27 पर चलाएं। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक सूरज की सीधी किरणें रोकने के लिए खिड़कियों पर पर्दे, ब्लाइंड्स या बांस के शेड्स का उपयोग करें।

### ताजी सब्जियां, फल भी मिल रहे

प्रियदर्शनी नगर की शिल्पी नागपुरे ने बताया कि पिछले साल गर्मी से बचने बागवानी विशेषज्ञों से सलाह लेकर घर पर टैरेस गार्डन विकसित किया है, जहां ताजी सब्जियों के साथ फल व फूलों के पौधे रोपे हैं। यह पौधे एक तरह से जहां गर्मी की तपिश से बचा रहे हैं, वहीं ताजी सब्जियां व फल भी प्रदान कर रहे हैं। आज एक साल बाद इसका महत्व मैं जान गई हूं।

## 19वां रोजगार मेला आज, 257 युवाओं को मिलेगा नियुक्ति पत्र

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मिशन रिक्रूटमेंट' के तहत देशभर में रोजगार मेलों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में 23 मई 2026 को 19वें रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसका राष्ट्रव्यापी शुभारंभ प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। रायपुर में यह भव्य आयोजन पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम (साइंस कॉलेज के पास) में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेलमंडल द्वारा किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी इस कार्यक्रम के दौरान देश के 47 विभिन्न स्थानों से जुड़कर कुल 51 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को सरकारी नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। यह पहल न केवल युवाओं के भविष्य को सशक्त आधार प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में शामिल होने का अवसर भी दे रही है।



### रायपुर में 257 अभ्यर्थियों का होगा चयन

ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में विभिन्न केंद्रीय विभागों के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। इनमें रेलवे, पोस्टल, वित्त सेवा, स्वास्थ्य सेवा और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड जैसे प्रमुख विभाग शामिल हैं। रायपुर में कुल 257 चयनित अभ्यर्थियों को आज नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे, जो उनके करियर के लिए एक नई शुरुआत होगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनजातीय मामलों के केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल और सांसद लक्ष्मी वर्मा (राज्यसभा) उपस्थित रहेंगे। साथ ही रायपुर शहर के विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी और मोतीलाल साहू भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। रेलवे की ओर से मंडल रेल प्रबंधक दयानंद और वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले शुरू हुई तैयारी, 12 केंद्रों पर निशुल्क शिविर

कार्नर न्यूज

## योग से जीवनशैली बदलने भारतीय योग संस्थान ने 12 जगहों पर शुरू किए निशुल्क शिविर, गूंज रहा 'जीयो और जीवन दो' का मंत्र

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के बीच भारतीय योग संस्थान ने शहर को 'योगमय' बनाने का बीड़ा उठाया है। संस्थान द्वारा पूरे मई माह में शहर के 12 प्रमुख स्थानों पर विशेष योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में मोटापा, मधुमेह और बच्चों के लिए 'बाल संस्कार' जैसे विषयों पर निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जहां सैकड़ों साधक तन और मन की पीड़ा को दूर करने के लिए जुट रहे हैं। संस्थान का मूल मंत्र 'जीयो और जीवन दो' है। इस स्लोगन को चरितार्थ करते हुए योग शिक्षक और साधक स्वयं स्वस्थ और मस्त रहकर हर घर तक स्वास्थ्य तथा खुशियां पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। शिविर में शामिल होने वाले प्रतिभागी केवल बीमारी का उपचार ही नहीं ले रहे, बल्कि जीवनभर योग से जुड़े रहने का संकल्प भी ले रहे हैं।





### शहर के इन 12 केंद्रों पर सज रही योग की पाठशाला

शिविरों का संचालन रायपुर के प्रमुख स्थानों पर किया जा रहा है, जिनमें गीतांजलि नगर, बुढ़ातालाब (पुरानी बस्ती), कृष्णा नगर (गुढ़ियारी), ऑक्सीजोन गार्डन, सेल्सटैक्स कॉलोनी, गायत्री नगर (श्री सिद्धि विनायक मंदिर), न्यू राजेंद्र नगर (प्राचीन मंदिर), देवेंद्र नगर (उत्तम वाटिका), आनंद नगर पार्क, कटोरा तालाब पार्क, समता कॉलोनी (भैरव सोसाइटी) और संकल्प वाटिका शामिल हैं।

### 200 कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका

इस पुनीत कार्य को सफल बनाने के लिए संस्थान के लगभग 200 समर्पित कार्यकर्ता और शिक्षक जुटे हुए हैं। आयोजन में राजेश डागा, राजेश अग्रवाल, मुकेश सोनी, रिया फतनानी, सुदेशना मेने, पिंकी जैन, गीतांजलि बाग, किरण, केआर साहू, गायत्री अग्रवाल, वंदना आहूजा, लता चौधरी, प्रभा शर्मा, अनीता जोशी, नीलम और रेखा बजाज जैसे वरिष्ठ योग साधकों का विशेष योगदान रहा है। संस्थान को विश्वास है कि यह जनजागरूकता अभियान 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रायपुर को पूरी तरह से योग के रंग में रंग देगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### दो दिवसीय रायपुर डिस्ट्रिक्ट अंडर-9 एवं 17 शतरंज टूर्नामेंट 3 से



**रायपुर।** शतरंज अकादमी बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, स्वामी विवेकानंद सरोवर के सामने रायपुर डिसट्रिक्ट अंडर-9 एवं 17 का दो दिवसीय आयोजन 3 और 4 जून को किया जा रहा है। जिसमे रायपुर जिले के उपरोक्त आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाडी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 1 जून रखी गई है।

प्रतियोगिता 6 राउंड में खेली जाएगी। दोनों श्रेणी में टॉप 2 बच्चों का चयन किया जाएगा। जो स्टेट चैंपियनशिप मे रायपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। टॉप 03 आकर्षक ट्रॉफियाँ एवं सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट और मैडल प्रदान किया जाएगा। अंडर-9 में 1 जनवरी 2017 या उसके बाद जन्म लिए बालक बालिकाएं इस स्पर्धा में भाग लेने की पात्रता रखते है। वहीं अंडर-17 में 1 जनवरी 2009 या उसके बाद जन्म लिए बालक बालिकाएं इस स्पर्धा में भाग लेने की पात्रता रखते है। इच्छुक प्रतिभागी रवि कुमार, विनोद शर्मा, रोहित यादव, दीपांकर सेन गुप्ता और अनिल शर्मा से संपर्क कर सकते हैं।

### लेवल-1 कोचिंग कोर्स उत्तीर्ण कर छत्तीसगढ़ के प्रथम कोच बने मृणाल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक मृणाल चौबे ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ लेवल-1 हॉकी कोचिंग कोर्स उत्तीर्ण कर ली है। वे यह उपलब्धि हासिल करने वाले छत्तीसगढ़ के प्रथम हॉकी कोच बन गए हैं।

मृणाल चौबे इससे पूर्व राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान पटियाला से स्पोर्ट्स कोचिंग में डिप्लोमा प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल कर चुके हैं। वर्तमान में वे रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में युवा खिलाड़ियों को निःशुल्क हॉकी प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं, जिससे अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी लाभान्वित हो रहे हैं। मृणाल वर्तमान में महालेखाकार कार्यालय रायपुर में अपनी सेवाएं देते हुए हॉकी के क्षेत्र में भी सक्रिय योगदान प्रदान कर रहे हैं। इस विशेष उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ हॉकी, हॉकी इंडिया, जिला हॉकी संघ एवं महालेखाकार कार्यालय रायपुर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ हॉकी प्रशिक्षकों भूषण साव,अनुराज श्रीवास्तव,मनीष गौतम, एनथ्रेन्स मिंज एवं तनवीर अकील के मार्गदर्शन को भी अपनी सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया। मृणाल चौबे को छत्तीसगढ़ के अलावा पंजाब सरकार के पटिआला हॉकी अकादमी, राउंडग्लास हॉकी अकादमी, मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी, ओडिशा स्टेट हॉकी टीम तथा नवल टाटा हॉकी अकादमी में गेस्ट कोच के रूप में कार्य करने का अनुभव प्राप्त है। उनके इस व्यापक अनुभव का लाभ प्रदेश के खिलाड़ियों को निरंतर मिल रहा है।

### राष्ट्रीय वुडबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** रायपुर स्थित कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल में आयोजित 20वीं सीनियर राष्ट्रीय वुडबॉल चैंपियनशिप में सरगुजा जिले के खिलाड़ियों ने प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में देशभर की कुल 24 टीमों ने भाग लिया। सरगुजा वुडबॉल संघ के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक अर्जित किए। सीनियर गर्ल्स स्ट्रोक इवेंट में साक्षी कुमारी, सुरभि शर्मा, श्रीजल जायसवाल एवं अनु जायसवाल ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। वहीं सीनियर बॉयज डबल्स इवेंट में आकाश दुबे ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इसके अलावा संदीप सिंहा एवं राजपाल कुजूर ने भी प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सरगुजा जिले से रजत सिंह, अभिजीत झा, प्रिया जायसवाल एवं खुशबू गुप्ता ने निर्णायक (रेफरी) के रूप में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दीं। राष्ट्रीय स्तर पर निर्णायक की भूमिका निभाने पर उन्हें सम्मानित भी किया गया।राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह व संजय अग्रवाल, निशांत सिंह गोल्डी, सौरभ सिंहा, सुनैना जायसवाल, आकाश गुप्ता समेत सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ एवं सरगुजा वुडबॉल संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

#### जानिए शरीर में खून का थक्का बनने की वजह

# गंभीर समस्याओं की वजह बन सकता है शरीर में खून का थक्का, प्रतिरक्षा तंत्र पर आ सकता है गंभीर संकट

शरीर में खून के थक्के बनने की प्रक्रिया को थ्रॉम्बोसिस कहा जाता है। यह एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है जो चोट लगने पर अत्यधिक खून बहने से बचाती है। लेकिन जब बिना चोट के या गलत जगह पर खून के थक्के बनने लगते हैं, तो यह गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है।

हमारे शरीर का मैकेनिज्म ऐसा है कि ये खुद से ही अपनी रक्षा कर सकता है। ये तंत्र लगातार काम करता रहता है, इस तरह से, कि कई बार आपको पता भी नहीं चलता और शरीर कई समस्याओं से मुकाबला करके आपको बड़ी दिक्कतों से बचा लेता है। खून के थक्के बनना (ब्लड क्लॉटिंग) भी ऐसी ही एक स्थिति है जो शरीर के प्रतिरक्षा तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

शरीर रक्त के थक्के बनाकर चोट और रक्तस्त्राव की स्थिति में ज्यादा खून बहने से बचाता है। खून के थक्के बनना अच्छा संकेत है, पर अगर ये थक्के अधिक या बिना किसी कारण के बनने लगें तो इसके गंभीर और जानलेवा दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं। शरीर में खून के थक्के बनने की प्रक्रिया को थ्रॉम्बोसिस कहा जाता है। यह एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है जो चोट लगने पर अत्यधिक खून बहने से बचाती है। लेकिन जब बिना चोट के या



गलत जगह पर खून के थक्के बनने लगते हैं, तो यह गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी समस्याओं के लिए भी अनावश्यक रूप से खून के थक्के बनने को कारण माना जाता है।

### रक्तस्त्राव की स्थिति में फायदेमंद है ब्लड क्लॉटिंग

रक्तस्त्राव की स्थिति में आपका लिवर तुरंत एक्टिव हो जाता है और आपके खून में मौजूद प्लेटलेट्स को चिपकाकर रक्त के थक्के बनाता है और रक्तस्त्राव को रोकने में मदद करता है। हालांकि कुछ स्थितियों में शरीर में बिना चोट के भी थक्के बनने लगते हैं जिसके कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। रक्त के थक्के जमने की इस तरह की समस्या खतरनाक हो सकती है, खासकर तब जब इसका समय पर इलाज न मिले। धमनियों में रक्त के थक्के बनने से हृदय तक रक्त की आपूर्ति कम हो जाती है जिससे हार्ट अटैक-स्ट्रोक हो सकता है।



### ब्लड क्लॉटिंग के कारण होने वाली दिक्कतें

नसों में रक्त के थक्के बनने पर ये रक्तप्रवाह के माध्यम से शरीर के अन्य हिस्सों में भी जा सकते हैं। डीप वेन थ्रोम्बोसिस- आपके पैर, हाथ, लिवर, आंतों या किडनी की नसों में रक्त का थक्का बनने की समस्या है। पल्मोनरी एम्बोलस- आपके फेफड़ों में रक्त का थक्का बनने की समस्या है। धमनियों में रक्त के थक्के बनने की स्थिति स्ट्रोक, दिल का दौरा, पैरों में गंभीर दर्द, चलने में कठिनाई जैसी समस्याओं का कारण बन सकती है।

### खून के थक्के क्यों बनते हैं?

लंबे समय तक बैठने या लेटे रहने (शारीरिक रूप से निष्क्रिय लोग) से खून का बहाव धीमा हो जाता है, इसके कारण भी खून के थक्के बनने की समस्या हो



सकती है। गर्भनिरोधक गोलियां और हार्मोन थेरेपी शरीर में एस्ट्रोजन की मात्रा बढ़ाकर थक्के बनने की आशंका बढ़ा देती हैं। अनावश्यक रूप से अगर शरीर में खून के थक्के बनने लगें तो इसका समय पर निदान और इलाज जरूरी हो जाता है। कुछ लोगों को आनुवंशिक (माता-पिता से विरासत में मिली) रूप से ये समस्या हो सकती है। आमतौर पर सर्जरी, चोट, दवाओं या किसी ऐसी चिकित्सा स्थितियों के कारण भी आपको ब्लड क्लॉटिंग की समस्या हो सकती है।



## डम्बल शोल्डर श्रग एक्सरसाइज करने से मिलते हैं बड़े फायदे



जिम में वर्कआउट करते हुए हम अपनी बॉडी के हर पार्ट की एक्सरसाइज करते हैं। चेस्ट व बैक की ही तरह शोल्डर को भी नजरअंदाज नहीं किया जाता है। शोल्डर डे के दिन कई तरह की एक्सरसाइज को लोग अपने वर्कआउट रूटीन में शामिल करते हैं। इन्हीं में से एक है डम्बल शोल्डर श्रग्स। इसे एक बेहतरीन एक्सरसाइज माना जाता है, जो आपके शोल्डर को मजबूत बनाने में मदद करती है। साथ ही, आपको गर्दन में अकड़न या दर्द की शिकायत होने की संभावना भी काफी कम हो जाती है। यह एक बेहद ही सिंपल एक्सरसाइज मानी जाती है, जिसे हर कोई अपने वर्कआउट रूटीन में शामिल कर सकता है। लेकिन इसके ढेर सारे फायदे हैं। हो सकता है कि आपको लगे कि डम्बल शोल्डर श्रग्स करते हुए बस डम्बल पकड़कर कंधों को ऊपर-नीचे ही तो करना है, लेकिन इसका असर जबरदस्त होता है। तो चलिए आज इस लेख में पावरलिफ्टिंग में नेशनल रिकॉर्ड होल्डर और एनीटाइम फिटनेस के फिटनेस ट्रेनर विनय माहौर आपको बता रहे हैं कि डम्बल शोल्डर श्रग्स करने से आपको क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं- डम्बल शोल्डर श्रग एक ऐसी एक्सरसाइज है, जो आपके ट्रैप्स यानी ट्रैपेज़ियस मसल्स पर काम करती है। ये मसल्स आपके शोल्डर के ऊपरी हिस्से और गर्दन के आस-पास होते हैं। जब ये मसल्स स्ट्रॉन्ग होते हैं तो आपके शोल्डर और गर्दन की शेप भी काफी अच्छी आती है। इससे आपके शोल्डर चौड़े और ज़्यादा परिभाषित दिखते हैं।

### पोश्चर होता है बेहतर

आज के समय में शरीर में होने वाले अधिकतर दर्द के पीछे की वजह बैड पोश्चर होता है।

## लू से बचना है तो अपनाइए इन्हें

चिलचिलाती गर्मी की वजह से लोगों के शरीर में पानी की कमी होना बेहद आम बात है। इसी के चलते इस मौसम में डॉक्टर्स ऐसे पकवानों के सेवन की सलाह देते हैं, जो शरीर को हाइड्रेट रखते हैं। क्योंकि अगर शरीर हाइड्रेट नहीं रहेगा तो लू लगने की संभावना और बढ़ जाती है।

इसी के चलते इस मौसम में ऐसे ही पकवानों का सेवन बढ़ा देना चाहिए, जिसकी वजह से शरीर को गर्मी से राहत मिले। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही पकवानों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप इस मौसम में भी खुद को फिट रख सकें।

### सत्तू का शरबत

यदि आप लू से बचकर रहना चाहते हैं तो अपने रूटीन में सत्तू के शरबत को शामिल करें। सत्तू का शरबत शरीर को गर्मी से राहत दिलाता है। इसे आप चाय और कॉफी की जगह पी सकते हैं। इसे कई तरह से पिया जा सकता है। बहुत से लोग सत्तू का शरबत मीठा पीते हैं, तो वहीं बहुत से लोग इसमें नमक, प्याज, हरी मिर्च बगैरह डालकर पीते हैं।

### मसाला छाछ

लू से बचने के लिए मसाला छाछ एक बेहतर विकल्प मानी जाती है। इसको आप आसानी से तैयार करके पी सकते हैं। अब तो बाजार में मसाला छाछ के पैकेट भी मिलते हैं, जिसको खरीद कर आप कभी भी पी सकते हैं। तो चाय-कॉफी छोड़िए और मसाला छाछ सा सेवन शुरू कीजिए।

### आम पना

बाजार में इस वक्त कच्चे आम मिलने लगे हैं। ऐसे में आप आम पना बनाकर उसका सेवन भी कर सकते हैं। आम पना पीने में काफी स्वादिष्ट लगता है। चाहें तो



इसे अपने स्वाद के हिसाब से खट्टा या फिर मीठा बनाएं। इसे बनाने के लिए आपको सिर्फ कच्चे आम को उबालकर उसका गूदा निकालना है और फिर उसमें मसाले डालने हैं।

### खीरे या ककड़ी का रायता

ककड़ी और खीरा दोनों ही चीजें शरीर को ठंडक पहुंचाने का काम करती हैं। ऐसे में आप ककड़ी और खीरे का रायता बनाकर भी उसका सेवन कर सकते हैं। दही वैसे भी शरीर को ठंडक पहुंचाता है, ऐसे में जब आप उसमें ककड़ी और खीरा मिक्स करेंगे तो उसका स्वाद और भी बढ़ जाएगा।

### बेल का शरबत

बेल का फल गर्मियों के मौसम में ही आता है। इसलिए आप बेल का शरबत बनाकर भी उसका सेवन कर सकते हैं। गर्मी के मौसम में ठंडा-ठंडा बेल का शरबत शरीर को राहत पहुंचाने का काम करेगा। इससे सेवन से आप लू से भी बचे रहेंगे।

## मच्छरों के काटने से हो रही है खुजली तो आजमाएं ये नुस्खे

गर्मी के मौसम में मच्छरों का आतंक काफी ज्यादा बढ़ जाता है। ऐसे में आपको कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में जानना चाहिए, जिससे आपको खुजली से राहत मिलेगी। सबसे आसान और तुरंत असर देने वाला उपाय बर्फ है। बर्फ को सीधे त्वचा पर लगाने के बजाय कपड़े में लपेटकर इस्तेमाल करना चाहिए। इससे प्रभावित हिस्से की नसें थोड़ी सुन्न हो जाती हैं, जिससे खुजली का एहसास कम होता है। साथ ही सूजन और लालिमा भी धीरे-धीरे कम होने लगती है।

## एलिट ग्रुप क्रिकेट में अंश ने 127 और यश ने बनाए 75 रन, शानदार मुकाबले जारी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों में शानदार मुकाबले हुए। धमतरी में हुए मैच में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) विरुद्ध बिलासपुर में बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर ने पहली पारी में 5 विकेट पर 355 रन बनाए। इनमें अंश कोरी ने 127, यश शर्मा ने 75 रन, आदित्य बैडवाल ने 55 रन, आरुष कापसे ने नॉट आउट 54 रन एवं प्रज्वल इथापे ने 21 रन बनाए। गेंदबाजी में बीसीए के अयांश सागर, जसराज सिंह सोहल, के मोहित, साईं जय, साईं आदित्य एवं कुंदन कोठारी ने एक-एक विकेट लिए।

दल्ली राजहरा में हुए मैच में टीम प्लेट कंबाइंड विरुद्ध रायपुर ब्लू में बल्लेबाजी करते हुए प्लेट कंबाइंड टीम पहली पारी में 116 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू टीम पहली पारी में 169 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड ने दूसरी पारी एक विकेट पर 75 रन बनाए। अनुराग टोप्पो ने नॉट आउट 29 रन, युवराज वर्मा ने 26 रन और लसित गोस्वामी ने नॉट आउट 12 रन बनाए।












## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बुरे फंसे निक पास्कल, एक्स गर्लफ्रेंड पर जानलेवा हमले का लगा आरोप



'हाउ आई मेट योर मदर' एक्टर निक पास्कल पर गंभीर आरोप लगे हैं। निक पर अपनी एक्स गर्लफ्रेंड एली शीहॉर्न पर चाकू से 20 बार हमला करने का आरोप है। अब इस मामले पर कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है, जिसके बाद उन्हें उम्रकैद भी हो सकती है। जानिए क्या है पूरा मामला।
पास्कल की एक्स गर्लफ्रेंड शीहॉर्न लॉस एंजिल्स में रहती थी। कोर्ट रिकॉर्ड्स के मुताबिक, 23 मई 2024 को निक कथित तौर पर एली शीहॉर्न के घर में घुस गए थे और उन पर 20 से ज्यादा बार चाकू से हमला किया था। इस हमले में एली बुरी तरह घायल हो गई थीं और उन्हें लंबे समय तक इलाज कराना पड़ा। एली की एक दोस्त ने बताया कि हमले के बाद उन्हें कई सर्जरी करवानी पड़ीं और रिकवरी में काफी लंबा समय लगा। इस मामले ने सोशल मीडिया और आम लोगों के बीच भी काफी चर्चा बटोरी, क्योंकि आरोप बेहद गंभीर थे।
अब इस केस में अगला कदम सजा सुनाए जाने का है। निक पासक्वाल को अधिकतम उम्रकैद की सजा मिल सकती है। कोर्ट 2 जून 2026 को लॉस एंजेलिस में उनकी सजा पर अंतिम फैसला सुनाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अप्रैल 2024 के एक अलग मामले में भी निक पासक्वाल को जबरदस्ती रेप का दोषी ठहराया गया था। अब देखना होगा कोर्ट 2 जून को क्या फैसला सुनाती है। अब ये केस काफी चर्चाओं में आ गया है। सोशल मीडिया पर यूजर्स इस पर कड़े रिएक्शन दे रहे हैं। कई लोग हैरान हैं कि 'हाउ आई मेट योर मदर' की सीधा-साधा एक्टर इतना गंभीर अपराध कैसे कर सकता है।

### टॉलीवुड

## निर्देशक बने विजय के बेटे को इस शख्स ने दिया इंडस्ट्री में आने का मौका



साउथ के सुपरस्टार और तमिलनाडु के सीएम थलापति विजय चुनाव के वक्त से ही चर्चा में हैं। इस बीच उनके बेटे जेसन संजय भी चर्चा में हैं। बतौर निर्देशक वह अपनी डेब्यू फिल्म 'सिग्मा' को लेकर खबरों में बने हुए हैं। यह फिल्म लाइका प्रोडक्शंस के तहत बन रही है। इसमें संदीप किशन ने अहम किरदार निभाया है। जेसन संजय के दादा एसए चंद्रशेखर जाने माने फिल्ममेकर हैं। उनके पिता थलापति विजय सुपरस्टार हैं। हालांकि उन्हें निर्देशक बनने का मौका दोनों में से किसी से नहीं मिला है। तमिल सिनेमा के पीआरओ वित्तगन शेखर ने बताया है कि जेसन संजय को निर्देशक बनने का मौका उनकी मां संगीता सोर्नालिंगम के परिवार की वजह से मिला है। वित्तगन शेखर के मुताबिक जेसन के नाना सोर्नालिंगम लंदन में रहते हैं। वह कारोबारी हैं। लाइका प्रोडक्शन के फाउंडर सुबास्करण भी लंदन में रहते हैं। दोनों अच्छे दोस्त हैं। शेखर ने आगे बताया कि सोर्नालिंगम ने ही सुबास्करण से बात करके जेसन संजय को 'सिग्मा' के निर्देशक के तौर पर मौका दिलवाया।
हाल ही में फिल्म 'सिग्मा' का टीजर रिलीज हुआ है। टीजर के मुताबिक यह फिल्म एक्शन से भरपूर होने वाली है। इसे दर्शकों की तरफ से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा है। फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसकी वजह यह है कि यह फिल्म जेसन संजय के करियर की बड़ी शुरुआत है। यह फिल्म इसी साल रिलीज होने वाली है। बताया जाता है कि 'सिग्मा' में जेसन संजय 'विजय' नाम का इस्तेमाल नहीं करेंगे। वह अपना नाम 'जेसन संजय एस' लिखेंगे। 'एस' उनकी मां संगीता सोर्नालिंगम के नाम का प्रतीक है।

### भोजपुरी

## खेसारी के नए गाने 'भतार भगवान' ने उड़ाया गर्दा, फैंस बोले- ब्लॉकबस्टर



खेसारी लाल यादव का एक नया भोजपुरी गाना आया है, जो यूट्यूब पर छा गया है और फैंस को खूब पसंद आ रहा है। गाने के बोल हैं 'भतार भगवान' और इसमें एक्ट्रेस श्रुति राव के साथ केमिस्ट्री खूब पसंद की जा रही है।
खेसारी लाल यादव के नए गाने 'भतार भगवान' ने उड़ाया गर्दा, फैंस बोले- ब्लॉकबस्टर, सुनने का मन कर रहा भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव एक के बाद एक धड़ाधड़ गाने रिलीज कर रहे हैं, जो यूट्यूब पर छाए हुए हैं। अब उनका एक और गाना आया है, जो चर्चा में है। इस गाने के बोल हैं 'भतार भगवान' और यह रिलीज होते ही छा गया है। गाने में खेसारी के साथ श्रुति राव हैं और दोनों की केमिस्ट्री आग लगा रही है। गाने के म्यूजिक और खेसारी-श्रुति के रोमांस की खूब तारीफ हो रही है। 'भतार भगवान' को खेसारी लाल यादव के साथ शिल्पी राज ने गाया है और दोनों की आवाज ने गजब का जादू कर दिया है। फैंस 'भतार भगवान' का वीडियो देख दीवाने हो गए हैं और तारीफ कर रहे हैं। खेसारी का हर गाना खूब एनर्जेटिक होता है और उनकी धूम हमेशा ही रहती है। इस गाने के बोल अभिषेक भोजपुरिया ने लिखे हैं, जबकि म्यूजिक गोविंद मिश्रा ने दिया है। वहीं पप्पू प्रेमी इस गाने के कंपोजर हैं। रिलीज के 11 घंटे के अंदर ही 'भतार भगवान' गाने को साढ़े आठ लाख से भी ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। गाने का वीडियो देख एक फैन ने लिखा है, 'इसे बार-बार सुनने का मन कर रहा है।

### ट्रेंड सेटर

### लाइफ स्टाइल



पेरिस फैशन वीक से फैशन की दुनिया के कुछ सबसे बड़े और बेहतरीन डिज़ाइन्स पर लोगों की खास नज़र पड़ी। पिछले दो हफ़्तों में, दुनिया भर के कुछ सबसे बड़े और बेहतरीन फ़ैशन डिज़ाइनर और मशहूर हस्तियाँ 'पेरिस फ़ैशन वीक' के लिए फ्रांस में इकट्ठा हुए। यह इवेंट डिज़ाइनरों को आने वाले साल के लिए अपने कुछ नए कपड़ों के डिज़ाइन, और साथ ही अपने कुछ ज़्यादा बोल्ड और क्रिएटिव शो-पीस दिखाने का मौका देता है।

## करी पत्ता और दही की मदद से मिलेगा चमकता चेहरा

दमकती स्किन पाने की हसरत आखिर किसकी नहीं होती, लेकिन इसके लिए महंगे प्रोडक्ट्स या केमिकल बेस्ड ट्रीटमेंट का इस्तेमाल करना शायद उतना बेहतर ऑप्शन नहीं है। हमेशा यह सलाह दी जाती है कि आप नेचुरल तरीके से अपनी स्किन की केयर करें और उसे ब्राइटन बनाने के लिए उपाय अपनाएं। ऐसे में करी पत्ता और दही को इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। ये दोनों इंग्रीडिएंट्स आपकी स्किन को नेचुरली चमकदार, साफ और फ्रेश बनाने में मदद करते हैं। अमूमन हम सभी अपनी डाइट में इन दोनों इंग्रीडिएंट्स को शामिल करते हैं, जबकि आपको इसे अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा भी बनाना चाहिए। जहां करीपत्ते में मौजूद एंटी-ऑक्सिडेंट्स स्किन की डलनेस और पिगमेंटेशन को कम करते हैं। वहीं, दही में पाया जाने वाला लैक्टिक एसिड स्किन को जेंटल तरीके से एक्सफोलिएट करता है, जिससे स्किन ग्लोइंग बनती है। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको बता रही हैं कि करीपत्ता और दही आपकी



स्किन को ब्राइटन बनाने में किस तरह मददगार साबित हो सकता है-

### ब्राइटन स्किन पाने में करीपत्ता और दही किस तरह मददगार है

करीपत्ता और दही का कॉम्बिनेशन आपकी स्किन को बहुत अधिक फायदा पहुंचाता है। जहां करीपत्ते में विटामिन ए, सी, एंटी-ऑक्सीडेंट्स आदि पाए जाते हैं, जो स्किन में मौजूद फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं और डलनेस और पिग्मेंटेशन को कम करने में मदद करते हैं। वहीं, इनमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण दाग-धब्बे और टैनिंग को भी कम करने में मदद करते हैं। जबकि दही में लैक्टिक एसिड होता है, जो एक माइल्ड एक्सफोलिएटर की तरह काम करता है। ये डेड स्किन सेल्स को हटाकर स्किन को सॉफ्ट और ग्लोइंग बनाता है। दही एक नेचुरल ब्लीच की तरह भी काम करती है, जिससे स्किन अधिक इवन टोन व ग्लोइंग बनती है।

### करी पत्ते और दही से बनाएं फेस पैक

स्किन ब्राइटनिंग के लिए आप करी पत्ते और दही की मदद से फेस पैक बनाकर इस्तेमाल कर सकती है। इससे स्किन फ्रेश और सॉफ्ट लगती है। साथ ही साथ, डलनेस और टैनिंग भी दूर होती है। इसके लिए आवश्यक सामग्री 10-15 करीपत्ता और दो बड़े चम्मच दही चाहिए।

## न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट हैं लेटेस्ट डिजाइंस वाले कुर्ती-पैंट



अगर आप कुर्ती-पेंट स्टाइल करने की सोच रही हैं तो, आप इस तरह के कुर्ती-पेंट सेट का चुनाव कर सकती हैं और इस आउटफिट में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग नजर आएगा। ऑफिस या किसी खास मौके पर शामिल होने के दौरान महिलाएं स्टाइलिश लुक चाहती हैं। वहीं अगर आप ऐसा चाहती हैं तो, कुर्ती-पेंट सेट का चुनाव कर सकती हैं। यह कुर्ती-पेट ऑफिस जाने के दौरान साथ ही, किसी भी पार्टी या किसी खास मौके परशामिल होने के दौरान वियर करने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। इस आउटफिट में जहां आपका लुक न्यू नजर आएगा तो, साथ ही आप स्टाइलिश भी नजर आएंगी।



### लेटेस्ट डिजाइंस वाले कुर्ती-पेंट सेट

न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए हम आपको 3 लेटेस्ट डिजाइंस वाले कुर्ती-पेंट सेट दिखा रहे हैं। इस तरह के आउटफिट में जहां आपका लुक न्यू और स्टाइलिश नजर आएगा तो, साथ ही आप सुंदर भी नजर आएंगी।



### फ्लोरल प्रिंट कुर्ती-पेंट सेट

फ्लोरल आउटफिट महिलाएं काफी पसंद करती हैं और इस फ्लोरल प्रिंट आउटफिट में आपका लुक सुंदर भी नजर आता है। वहीं अगर आप फ्लोरल प्रिंट में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो, आप इस तरह के आउटफिट का चुनाव कर सकती हैं। इस आउटफिट में आपका लुक खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आएगा और इसे आप 1,000 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस सूट के साथ आप सिंपल पर्ल वर्क इयरिंग्स स्टाइल कर सकती हैं।

### प्रिंटेड कुर्ती-पेंट सेट

स्टाइलिश लुक के लिए अप इस तरह के प्रिंटेड कुर्ती-पेंट सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस प्रिंटेड कुर्ती-पेंट सेट में प्रिंट करके बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है साथ ही, इस प्रिंटेड कुर्ती-पेंट सेट को स्टाइल करने के बाद आप सुंदर भी नजर आएंगी।

## साड़ी लुक को खूबसूरत बना देंगे स्टाइलिश ब्लाउज

भारतीय महिलाएं साड़ी न पहनने ऐसा हो ही नहीं सकता है। ऐसे में अगर आप भी किसी ख़ास फंक्शन में साड़ी पहनना चाहती हैं और सभी के सामने अपनी खूबसूरती से सभी को खुश करना चाहती हैं, तो ये खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे डिजाइनर ब्लाउज बताएंगे, जिन्हें आप ट्राई कर अपने साड़ी लुक को अट्रैक्टिव और गॉर्जियस बना सकती हैं।

### प्रिंटेड पान ज़री साड़ी ब्लाउज

अगर आप अपने घर की शादी या किसी भी ख़ास फंक्शन में साड़ी पहनने वाली हैं, तो अब आप अपने साड़ी लुक को बेहतरीन बनाने के लिए इस खूबसूरत प्रिंटेड पान ज़री साड़ी ब्लाउज को शामिल कर सकती हैं। इस ब्लाउज को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं। आप चाहें तो इस ब्लाउज को अपनी साइज के हिसाब से टेलर की मदद से बनवा सकती हैं। यह ब्लाउज आपके साड़ी लुक को एलिगेंट टच देने में बेहद मदद करेगा।



### स्क्वायर नेक साड़ी ब्लाउज

अगर आप अपने ऑफिस या कॉलेज में अपने साड़ी लुक से सभी को दीवाना बनाना चाहती हैं, तो अब आप अपने किसी भी साड़ी लुक के साथ इस खूबसूरत डिजाइनर ब्लाउज को शामिल कर सकती हैं। इस ब्लाउज की खूबसूरती आपको मॉडर्न और रॉयल लुक देने में बेहद मदद करेगी। आप इसे अपनी साइज के हिसाब से टेलर से बनवा सकती हैं या मार्केट से ऐसे ब्लाउज को रेडीमेड खरीद सकती हैं। अपने साड़ी लुक को भीड़ से हटके दिखाने के लिए अगर आप भी काफी कोशिशें करती हैं, तो अब आप इस खूबसूरत ब्लाउज को भी ट्राई कर सकती हैं।

## अपने फेस शेप के हिसाब से चुनें टीका

जब भी हम खुद को स्टाइल करती हैं तो तरह-तरह की एक्सेसरीज को अपने लुक का हिस्सा बनाना पसंद करती हैं। इयररिंग्स से लेकर नेकपीस तो हम लड़कियां अक्सर ही पहनती हैं। लेकिन अगर आप अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंटल होना चाहती हैं तो ऐसे में मांग टीका को अपने लुक का हिस्सा बनाएं। यकीन मानिए, मांग टीका स्टाइल करते के साथ ही आपका लुक पूरा बदल जाएगा। लेकिन यह केवल तभी संभव है, जब आप सही मांग टीका का चयन करें।
दरअसल, मार्केट में कई अलग-अलग तरह के डिजाइन्स के मांग टीका मिलते हैं, जिन्हें अक्सर हम बस उनकी खूबसूरती देखकर खरीद लेते हैं। हालांकि, यह जरूरी नहीं है कि हर डिजाइन हर किसी पर अच्छा ही लगे। इसके लिए पहले आपको अपने फेस शेप पर ध्यान देने की जरूरत होती है। यह कुछ ऐसे ही है, जिस तरह आप अपने बॉडी शेप को ध्यान में रखकर आउटफिट खरीदती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आपके फेस शेप पर किस तरह का मांग टीका डिजाइन अच्छा लगेगा-
राउंड फेस शेप के लिए मांग टीका
अगर आपका फेस शेप राउंड है तो ऐसे में यकीनन आपके गाल थोड़े चौड़े होंगे और चेहरे की लंबाई और चौड़ाई करीब-करीब बराबर होगी। ऐसे में आप लंबा व



सीधा मांग टीका स्टाइल करने की कोशिश करें। इससे आपका चेहरा थोड़ा लंबा नजर आएगा। इसके अलावा, पेंडेंट स्टाइल मांग टीका भी आपके चेहरे को स्लिम दिखाएगा। कभी भी आपको बहुत चौड़े या गोल मांग टीके नहीं पहनने चाहिए, क्योंकि ये आपके चेहरे को और भी गोल दिखा सकते हैं। मांग टीका पहनते समय पहले माथे का हिस्सा बीच में करें और बालों को दोनों तरफ थोड़ा वॉल्यूम दें, इससे लुक बैलेंस्ड लगेगा।
ओवल फेस शेप के लिए मांग टीका
ओवल फेस शेप की खास बात यह होती है कि इस पर लगभग सभी डिज़ाइन अच्छे लगते हैं। इसलिए, अगर आप चाहें तो अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंटल हो सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

### पार्टी के लिए कुछ खास तरीके से होनी चाहिए आपकी ग्रूमिंग

## पार्टी में जाने की तैयारी है तो पहले याद रखिए कुछ जरूरी ग्रूमिंग टिप्स, सबकी नजरें आप पर ही होंगी

ऐसा कैसे, आप यही सोच रहे हैं न। लेकिन ये सही है कि आप तैयार नहीं हैं। पार्टी में जाने के लिए आपको प्री पार्टी ग्रूमिंग करनी होगी। ताकि पार्टी में सबकी नजरें बस आप पर ही हों। इसके लिए आपको कुछ खास ग्रूमिंग टिप्स आजमाने होंगे। ये टिप्स आजमाकर आप सबका दिल जरूर जीत लेंगे।

### पार्टी से पहले करें ग्रूमिंग

ग्रूमिंग पर बहुत ध्यान देते हैं तो पार्टी से पहले खासतौर पर इस पर ध्यान दीजिए। आपको क्या-क्या करना होगा, जान लीजिए-

### एक दिन पहले एक्सफोलिएट

कम से कम कोशिश में ज्यादा से ज्यादा फायदा देने के लिए एक्सफोलिएट किया जाना चाहिए। एक्सफोलिएशन के बाद स्किन सच में फ्रेश सी हो जाती है।
इससे डेड स्किन हटती है तो स्किन में बसी गंदगी भी बहर हो जाती है। टॉक्सिन निकलते ही स्किन फ्रेश-फ्रेश हो जाती है। इसके लिए बिलकुल थोडा सा स्क्रब लें। अब इससे



फोरहेड, गाल, चिन और नाक पर उंगली की टिप से मसाज करें। हालांकि इस दौरान आंखों के नीचे के एरिया पर ये मसाज न करें।

### नया हेयर कट करवा लीजिए

पार्टी में जाने से पहले हेयर कट ज़रूरी होता है। ये जरूरी इसलिए होता है क्योंकि आपका लुक अचानक से अच्छा लगने लगता है।
इसके लिए बस कीजिए इतना कि बालों के साथ कोई अनोखा प्रयोग मत कीजिए। सेफसाइड हेयरस्टाइल ही अपनाइए। इससे लोगों को आपका लुक अचानक से बदला हुआ लगेगा। आपका लुक उन्हें बिलकुल फ्रेश लगने लगेगा। बस यहीं पर सबकी नजरें आप पर ठहर जाएंगी।

### छोटी बातें, पते की बातें

अक्सर पुरुष बाल, कपड़े और हेयर स्टाइल के साथ स्किन पर भी ध्यान देते हैं लेकिन बहुत छोटी बातों को ऐसे ही छोड़ देते हैं। ये छोटी-छोटी बातें हैं, नाखून, कान या नाक से बाहर आते बाल।
इन छोटी ग्रूमिंग पर भी ध्यान दीजिए। ताकि आपका लुक बिलकुल परफेक्ट हो सके। आपको इस दौरान कपड़ों की डिटेल पर भी ध्यान देना होगा, जैसे उन्हें किसी तरह की मरम्मत की जरूरत तो नहीं है।

### थोड़ा बहुत मेकअप

आजकल पुरुष भी मेकअप करते हैं। ये मेकअप आप भी कीजिए। लेकिन उस दिन मेकअप के खराब होने की संभावना बिलकुल न हो इसलिए आप एक दिन पहले मेकअप करके देख लें। समझ लें कि आपको कैसा लुक चाहिए और आप इसके लिए किस तरह का मेकअप कर सकते हैं।

### लंबे समय तक चलने वाले डियो

पार्टी में जाने से पहले आप ऐसे डियो का इस्तेमाल करें जो लॉन्ग लास्टिंग हों। जिनके साथ आप काफी देर तक फ्रेश महसूस कर पाएं। सैंडलवुड, मास्क, पचौली जैसे इंग्रीडिएंट्स से बने डियो लंबे समय तक महक देते हैं। इस वक्त एक नियम ध्यान रखें कि कलाई और गले पर इन्हें ना डालें। इसकी जगह चेस्ट, बाईसेप जैसी जगहों पर डियो डालें।

